


दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समाचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@gmail.com
web : www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:125 | जयपुर, सोमवार, 14 जुलाई 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:


## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत' का सपना बना जन-जन का संकल्प : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी**

**भोपाल।** केन्द्र सरकार द्वारा घोषित वर्ष 2024 के स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारों में मध्य प्रदेश ने इस वर्ष भी अपनी विजय पताका फहराई है। प्रदेश के 8 शहरों को इस राष्ट्रीय आयोजन में सम्मानित किया जाएगा। विशेषकर बुधनी और शाहगंज नगर परिषद को पुरस्कारों को लिए नामित किया गया है। इस उपलब्धि पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि स्वच्छता ही सेवा है...। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत' का सपना जन-जन का संकल्प बन चुका है। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि हाल ही में जारी हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में बुधनी और शाहगंज को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया है। बुधनी नगर परिषद को सुपर स्वच्छ लीग सिटी की नई श्रेणी में कन्सीसटेंट परफार्मर के रूप में नामित किया गया है। यह उपलब्धि सतत प्रयास, जनभागीदारी और समर्पित प्रशासन का प्रमाण है। साथ ही, शाहगंज नगर परिषद को प्रेसिडेंशियल अवार्ड की प्रतिष्ठित श्रेणी में चयनित किया गया है। यह उपलब्धि न केवल नगर निकाय की प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग का भी उत्सव है। इसके लिए सभी क्षेत्रवासियों, नगरीय



निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आशा है कि आप आने वाले वर्षों में भी इसी तरह प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2024 के स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारों की घोषणा की थी। इसमें मध्य प्रदेश के आठ शहरों को आगामी 17 जुलाई को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले एक गरिमामय समारोह में स्वच्छता लीग सम्मान, राष्ट्रपति सम्मान, देश और राज्यों की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी। मध्य प्रदेश के 8 शहरों में सुपर लीग श्रेणी में इंदौर, उज्जैन और बुधनी हैं। इस श्रेणी में सिर्फ वे शहर शामिल किए जाते हैं, जिन्होंने पिछले तीन सालों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया हो और उत्तरोत्तर प्रगति की संभावनाएं सृजित की हों। इसी प्रकार राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त करने वाले शहरों में भोपाल, देवास और शाहगंज शामिल हैं। इसके अलावा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा प्रदेश के जबलपुर और ग्वालियर को उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिये सम्मानित किया जाएगा। कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग और ओडीएफ/ वॉटर प्लस के परिणाम भी उसी दिन जारी किए जाएंगे।वहीं, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधरोपण करने के संकल्प के क्रम में रविवार को भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्यजनों के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि पेड़ लगाने का मतलब जीवन लगाना है, सांसें रोपना है, क्योंकि यही पेड़ हमें प्राणवायु देकर जीवन देते हैं। यह कोई साधारण कार्य नहीं, बल्कि असाधारण कार्य है। इसलिए मैं भी हर रोज पौधे लगाता हूं।

## दिग्गज अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** दिग्गज अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव का रविवार को निधन हो गया और उनके निधन से भारतीय फिल्म उद्योग, विशेषकर तेलुगु सिनेमा प्रेमियों को गहरा सदमा पहुंचा है। श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के कांकिपाडु गांव में हुआ था। वह 83 वर्ष के थे। कोटा श्रीनिवास राव पिछले कुछ दिनों से उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे, जिसके बाद आज उन्होंने आखिरी सांस ली। राजनीतिक नेताओं, मंत्रियों और फिल्मी हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें न



केवल सिनेमाई प्रतिभा के लिए बल्कि उनके ईमानदार स्वभाव और गहरी सांस्कृतिक जड़ों के लिए भी याद किया जा रहा है।तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रीनिवास राव के निधन को भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने कहा, ''कोटा श्रीनिवास राव ने अपनी अनूठी अभिनय शैली से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उनके निधन से फिल्म उद्योग में एक बहुत बड़ा शून्य उत्पन्न हो गया है। मैं उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।'' आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक कलाकार और जन प्रतिनिधि के रूप में श्री कोटा की उल्लेखनीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा, ''कोटा गारू ने चार दशकों से भी ज़्यादा समय तक सिनेमा और रंगमंच की दुनिया की सेवा की। उनके किरदार, चाहे खलनायक के रूप में हों या किसी प्रिय पात्र के रूप में हो, हमारी स्मृतियों में अंकित हैं। एक विधायक के रूप में सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान भी उतना ही उल्लेखनीय है।

## अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 7000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था यहां बने यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।अधिकारियों ने बताया कि 286 वाहनों के बेड़े में यह जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया, आज सुबह 7049 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार



शिविर से श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। इनमें से 4148 तीर्थयात्री पहलगाम और 2891 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि गत दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों का पहल जत्थे रवाना हुआ था। बाबा बर्फीनी के दर्शन के लिए प्रारंभ हुई यह यात्रा नौ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। अब तक दो लाख से अधिक तीर्थयात्री हिम शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं।

## वर्ष 2030 तक एक करोड़ युवाओं के लिए नए रोजगार का लक्ष्यः नीतीश

**पटना।** बिहार सरकार वर्ष 2025 से 2030 के बीच राज्य में युवाओं के लिए एक करोड़ सरकारी नौकरियों और रोजगार का सृजन करेगी जो सरकार के मौजूदा लक्ष्य 50 लाख से दोगुनी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के दौरान 2005 से 2020 के बीच राज्य में 8 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली थी। वर्ष 2020 में सुशासन कार्यक्रम के सात निश्चयों के दूसरे निश्चय में लक्ष्य तय किया गया कि 2025 तक 10 लाख सरकारी नौकरियों के साथ 10 लाख रोजगार का सृजन किया जाएगा। उन्होनेबखा कि बबाद में इस संकल्प को बढ़ाया और अगस्त 2025 तक 12 लाख नौकरियों के साथ 38 लाख रोजगार



का लक्ष्य तय किया। श्री कुमार ने कहा कि हमने अभी तक 10 लाख सरकारी नौकरियों और 39 लाख रोजगार का लक्ष्य हासिल कर लिया है और विश्वास रखते हैं तय समय सीमा में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तथा रोजगार देने का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भविष्य में रोजगार सृजन की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2025 से 2030 के बीच युवाओं के लिए करीब एक करोड़ सरकारी नौकरियों और रोजगार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना को विस्तारित करने के लिए एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी जिसका नाम जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय होगा।

## केरल में सौर पैनल योजना में भ्रष्टाचार से कामकाज रुका : कांग्रेस

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा में विपक्षी नेता वीडी सतीशन ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में घरों की छतों पर सौर पैनल लगाने का काम कथित भ्रष्टाचार के चलते ठप पड़ गया है। उन्होंने विद्युत नियामक आयोग, केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) और राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए ज़िम्मेदार इन संस्थाओं ने निजी कंपनियों को लाभ पहुँचाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।कांग्रेस नेता ने सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए बने नवीकरणीय ऊर्जा नियमों में संशोधनों को तत्काल वापस लेने की मांग भी की। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, तीन किलोवाट वाले सौर पैनल को लगाने के लिए तीन फेज वाला पावर कनेक्शन होना चाहिए और पाँच किलोवाट सौर ऊर्जा बनाने वालों को इसका 30 फीसदी बैटरी में जमा करना होगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को किया मनोनीत

### उज्ज्वल निकम सहित इन लोगों का नाम शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (ए) और खंड (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्यसभा के लिए 4 नए सदस्यों को मनोनीत किया है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, उज्ज्वल देवराव निकम के नाम शामिल हैं। यह नियुक्तियां नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त हुए स्थानों को भरने के लिए की गई हैं। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना (एस.ओ. 3196(ई) के अनुसार, 12 जुलाई 2025 को इसका ऐलान किया गया। नामित सदस्यों में उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन का नाम शामिल हैं। इन



नियुक्तियों का उद्देश्य राज्यसभा में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और प्रख्यात व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है, जैसा कि संविधान में प्रावधान किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत, राष्ट्रपति को कला, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक सेवा और अन्य क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को राज्यसभा में नामित करने का अधिकार है। ये नियुक्तियां संसद के उच्च सदन में विविध दृष्टिकोण और विशेषज्ञता को शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। नामित सदस्यों की भूमिका विधायी चर्चाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने और राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श को समृद्ध करने की होती है। उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्ष वर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए जाने जाते हैं। विशेष रूप से, हर्ष वर्धन श्रृंगला की नियुक्ति को उनके कूटनीतिक अनुभव के आधार पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जबकि डॉ. मीनाक्षी जैन इतिहास और संस्कृति के क्षेत्र में अपने विद्वत्तापूर्ण योगदान के लिए जानी जाती हैं। वहीं निकम को अजमल कसाब के खिलाफ केस लड़ने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 26/11 मुंबई आतंकी वारदात के एकमात्र जिंदा पकड़े गए कसाब के लिए सजा ए मौत के लेकर जबरदस्त पैरवी की थी। इन नए नामित सदस्यों से अपेक्षा की जा रही है कि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी विशेषज्ञता के साथ संसद में सकारात्मक योगदान देंगे। यह कदम सरकार की उस प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## बिहार की एनडीए सरकार में कोई सुनने वाला नहीं: तेजस्वी यादव

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को फिर सवाल उठाए हैं। पटना के पिपरा थाना क्षेत्र में भाजपा के एक नेता की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने पर भड़के तेजस्वी यादव ने कहा कि एनडीए सरकार में कोई सुनने वाला नहीं है।बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर लिखा,'अब पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या। क्या कहें, किससे कहें? एनडीए सरकार में कोई सच्चाई सुनने वाला नहीं, गलती स्वीकारने वाला नहीं? सीएम के स्वास्थ्य का सबको पता है लेकिन भाजपा के दो-दो नकारे उपमुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं? भ्रष्ट भूंजा-डीके पार्टी का कोई बयान नहीं? दें कि पटना के पिपरा थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में पटना के पिपरा इलाके में एक सुरेंद्र कुमार (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, परिजन द्वारा लिखित शिकायत के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज



मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया गया कि सुरेंद्र केवट परिवार के साथ शेखपुरा गांव में रहते थे। वह पुनपुन प्रखंड भाजपा नेता होने के साथ ही ग्रामीण पशु चिकित्सक थे और खेती-किसानी भी किया करते थे। इससे पहले भी तेजस्वी यादव ने बिहार की आपराधिक घटनाओं का ब्योरा देते हुए एक्स पर लिखा, इतने मर्डर हो रहे हैं ।

## पीएम मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दी शुभकामनाएं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** देश के चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए चार हस्तियों को राज्यसभा के लिए नामित किया, जिनमें वरिष्ठ अधिवक्ता उज्जवल निकम, केरल के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सी. सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार मीनाक्षी जैन शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन सभी मनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर श्रृंखलाबद्ध पोस्ट किए, जिनमें सभी नामांकित सदस्यों के बारे में बताते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने उज्ज्वल निकम की प्रशंसा की कि कानून के क्षेत्र और संविधान के प्रति उनकी निष्ठा अनुकरणीय है। उन्होंने लिखा, ÷वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय दिलाने की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका भी निभाते रहे हैं। अपने पूरे विधिक करियर के दौरान उन्होंने हमेशा



संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने और आम नागरिकों को गरिमा के साथ न्याय दिलाने का कार्य किया है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि राष्ट्रपति ने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया है। उनके संसदीय कार्यकाल के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।इसी तरह पीएम मोदी ने हर्षवर्धन श्रृंगला के भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हर्षवर्धन श्रृंगला ने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में बेहद शानदार काम किया है। उन्होंने भारत की विदेश नीति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही भारत की जी20 अध्यक्षता में भी उनका विशेष योगदान रहा है। मुझे खुशी है कि उन्हें राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उनका अद्वितीय दृष्टिकोण निश्चित रूप से संसद की कार्यवाही को समृद्ध करेगा। मीनाक्षी जैन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, उन्होंने एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। शिक्षा, साहित्य, इतिहास और राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में उनके कार्यों ने अकादमिक विमर्श को महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध किया है। उनके संसदीय कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

## मालगाड़ी में लगी भीषण आग पर काबू पाया गया, चेन्नई-अरक्कोणम रेलमार्ग पर सेवाएं ठप

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवल्लुर के पास रविवार सुबह एक मालगाड़ी में भीषण आग लग गई, जिसे दमकलकर्मियों के काफी प्रयासों के बाद करीब दो घंटे बाद बुझाया जा सका। हादसे के कारण चेन्नई-अरक्कोणम रेलमार्ग पर सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं। खतरे को देखते हुए आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग तिरुवल्लुर-एगट्टूर खंड में लगी, जो चेन्नई सेंट्रल से 43 किमी दूर है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े चार बजे एक मालगाड़ी में अचानक आग भड़क गई, जो तेजी से पांच वैगनों तक फैल गई। यह मालगाड़ी एननोर से 45-52 डीजल टैंकर ले जा रही थी। दमकल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की दो टीमें दो घंटे में आग पर काबू पाने में सफल रहीं। क्षतिग्रस्त वैगनों को हटाने और पटरियों की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। तिरुवल्लुर पुलिस ने क्षेत्र को सुरक्षित किया और जहरीले धुएं के कारण आसपास के लोगों को हटाया गया। सुबह 10:37 बजे तक आग बुझ चुकी थी, लेकिन



रेल सेवा पूरी तरह बहाल होने का समय नहीं बताया गया है। दक्षिण रेलवे ने यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर (044-25354151, 044-24354995) जारी किए हैं। आग से पांच वैगनों को भारी नुकसान हुआ है। चेन्नई-अरक्कोणम मार्ग पर बिजली आपूर्ति काट दी गई, जिससे सभी उपनगरीय ट्रेनें रुक गईं। वंदे भारत एक्सप्रेस (20607), शताब्दी एक्सप्रेस (12007) सहित 8 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आठ अन्य ट्रेनों को तिरुवल्लुर या अरक्कोणम-कटपडी के बीच रोका गया है। पांच ट्रेनों को गुडूर मार्ग से भेजा गया। दक्षिण रेलवे ने आग के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## मिजोरम के लोगों का भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने का सपना पूरा

**एजेंसी**

**आईजोल।** पूर्वोत्तर के मिजोरम राज्य में रेल संरचना का कार्य पूरा हो गया है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही इस खंड पर रेल को हरी झंडी दिखाकर आईजोल के नागरिकों का भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने का सपना पूरा कर देंगे। मिजोरम अब तक बैरवी तक भारतीय रेल से जुड़ा है लेकिन अब बैरवी से आईजोल तक रेल लाइन पर काम लगभग पूरा हो गया है और इसे हरी ठंडी दिखाने का इंतजार है। अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने ही इस लाइन का शिलान्यास किया था और अब उम्मीद है कि वही हरी झंडी दिखाकर इस मार्ग पर रेल संचालन की भी शुरुआत भी करेंगे परियोजना के



मुख्य इंजीनियर विनोद कुमार का कहना है कि बैरवी-सारंगी रेल लाइन पर निर्माण का काम पूरा हो चुका है। रेलगाड़ी के संचालन के लिए यह खंड अब पूरी तरह से तैयार है। इस खंड के निर्माण पर करीब 11 साल का वक्त लगा है। बैरबी-साइरंग तक की परियोजना के निर्माण में चुनौतियां कई तरह की रहीं लेकिन परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने इन चुनौती की परवाह किये बिना इस काम को सफलतापूर्वके पूरा किया है।उन्होंने बताया कि 51 किमी लंबे बैरबी-साइरंग खंड पर 153 पुल हैं जिनमें 55 बड़े पुल हैं, जिनमें 6 पुलों की ऊँचाई कुतुबमीनार से भी ज्यादा है। इस खंड पर 10 पुल सड़कों के ऊपर भी बने हैं। मार्ग पर कुल 48 सुरंगे बनाई गई है। उनका कहना था कि आईजोल तक रेल मार्ग बनने से बैरबी आईजोल के बीच की दूरी 8 से 10 घंटे के सड़क मार्ग की महज करीब 3 घंटे में पूरी की जा सकेगी। श्री कुमार के अनुसार सैइरंग स्टेशन के पास बना पूंक्र 124 मीटर ऊंचा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से इसकी खूसरती देखते ही बनती है। इसकी लम्बाई 378 मीटर है। बैरबी साइरंग रेलमार्ग निर्माण की संस्तुति 2008-9 में मिली थी।

## बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मिले विदेशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों की पहचान हुई है। यह जानकारी घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से सामने आई है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार बिहार में मतदाता सूची अपडेट के इस विशेष कार्यक्रम के दौरान घर-घर जाकर किए गए सत्यापन में बूथ लेवल अधिकारियों को बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिक मिले हैं। निर्वाचन आयोग के सूत्रों का कहना है कि 1 अगस्त के बाद उचित जांच पूरी होने के बाद इनके नाम 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। बिहार में मतदाता सूची के इस विशेष संवीक्षण अभियान का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों की पुष्टि की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस पहल का उद्देश्य पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करना और अपात्र नामों को सूची से हटाना है। यह अभियान बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के अंतर्गत चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार तक हर चार में से तीन मतदाताओं ने अपना नामांकन फ़ॉर्म जमा करा दिया है।

## दिल्ली के वसंत विहार में तेज रफ्तार ऑडी का कहर, पांच को कुचला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के साउथ वेस्ट जिले के वसंत विहार इलाके में एक तेज रफ्तार ऑडी ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में आठ साल की एक बच्ची भी शामिल है। सभी घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद कार ने एक खड़े ट्रक में भी टक्कर मारी। यह घटना देर रात की है। हादसे के बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा देर रात करीब 1.30 बजे की हुआ, जब सभी पीड़ित मुनिरका फ्लाईओवर के नीचे शिवा कैंप के सामने फुटपाथ पर सो रहे थे। उसी समय तेज गति से आ रही एक ऑडी कार ने अचानक



नियंत्रण खो दिया और सो रहे लोगों को कुचलते हुए वहां से फरार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। एक राहगीर ने सूझबूझ दिखाते हुए कार का नंबर नोट कर लिया और पीड़ित परिवार को इसकी जानकारी दी। घायलों की पहचान लाधी (40), बिमला (8), सबामी उर्फ चिरमा (45), नारायणी (35), और रामचंद्र (45) के रूप में हुई है। सभी राजस्थान के निवासी हैं और दिल्ली में मजदूरी कर गुजारा करते हैं। पीड़ित सबामी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे अपने परिवार के साथ दिल्ली में फुटपाथ पर रहकर मजदूरी करते हैं। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान शंकर विहार आर्मी कैंप के पास एक और हादसे की सूचना मिली, जहां एक ऑडी कार ने ट्रक में पीछे से टक्कर मारी थी। गश्त कर रहे सेना के जवानों ने चालक को पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

जब पुलिस मौके पर पहुंची और कार का नंबर जांचा, तो पुष्टि हुई कि यही वही कार थी जिसने वसंत विहार में हादसा किया था।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस टीम के हमले के आरोपी को किया गिरफ्तार



**देश का दर्पण... दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना भरतपुर।.=.** डीग जिले की पहाड़ी थाना पुलिस ने नासिर-जुनैद हत्याकांड से जुड़े एक पुराने मामले में पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद कासिम ने 29 मई 2023 को अपने परिजनों के साथ मिलकर पुलिसकर्मियों पर हमला किया था, जिसमें छह जवान घायल हुए थे और पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के दिन नासिर-जुनैद हत्याकांड को लेकर जाबिर नामक युवक ने सोशल मीडिया पर टावर पर चढ़ने की चेतावनी दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो जाबिर ने टावर पर चढ़ने की कोशिश की। जब पुलिस ने उसे रोका, तो वह विरोध करने लगा और रल्ड शिव लहरी पर पत्थर फेंक दिया। गनीमत रही कि रल्ड समय रहते बच गए। पुलिस ने जाबिर को काबू में लेकर गाड़ी में बैठाया, तभी उसके करीब 30-40 परिजन वहां आ गए और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया। हमले के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। अब पुलिस ने उनमें से एक आरोपी मोहम्मद कासिम को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### 7.97 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त कर दो नशा कारोबारियों को किया गिरफ्तार



**देश का दर्पण न्यूज**
श्री आनन्द शर्मा (आईपीएस) उप-महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला जयपुर ग्रामीण में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास युवा वर्ग में बढ़ते हुए नशे की प्रवृति को देखते हुए अवैध मादक पदार्थ बिकी की रोकथाम हेतु तथा अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां आरपीएस के निर्देशन में ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में भी जिला जयपुर ग्रामीण में अभियान के तहत कार्रवाईयां करते हुए कई नशा कारोबारियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, नशीली दवाईयां व अवैध शराब जप्त की गई थी। इसी क्रम में दिनांक 12.06.2025 को कार्रवाई हेतु श्री शिवलाल बैरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व वृताधिकारी वृत्त फागी श्री रामधन आरपीएस के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी थाना फागी श्री गयासुद्धीन पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने कृष्ण गोपाल उर्फ किशन चिन्दोला पुत्र स्व. श्री सीताराम, जाति बारागांव ब्राह्मण, उम्र 31 साल, निवासी चिन्दोलों का मौहल्ला, फागी, पुलिस थाना फागी, जिला जयपुर के कब्ज से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 7.97 ग्राम जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण संख्या 145/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट् में पंजिबद्ध कर अनुसंधान किया गया। प्रकरण में मादक पदार्थ बेचने के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करते हुये सप्लायर्स अन्य वांछित आरोपी सद्दाम पुत्र श्री गामा जाति मल मुसलमान उम्र 31 साल निवासी वार्ड नं. 16 जामा मस्जिद के पास हाल बागरिया टीबा फागी थाना फागी जिला जयपुर को भी आज दिनांक 13.07.2025 को सादावाली तन मांदी से डिटेनकर कर मुकदमा नम्बर 145/2025 धारा 8/29 एन.डी.पी.एस. एक्ट में पुछताछ किया जाकर गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में गहनता से अनुसंधान जारी है। आगे भी जिला जयपुर ग्रामीण में अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत इसी प्रकार कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### 8.97 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त कर एक नशा कारोबारो को किया गिरफ्तार



**देश का दर्पण न्यूज**
श्री आनन्द शर्मा (आईपीएस) उप-महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला जयपुर ग्रामीण में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास युवा वर्ग में बढ़ते हुए नशे की प्रवृति को देखते हुए अवैध मादक पदार्थ बिकी की रोकथाम हेतु तथा अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां आरपीएस के निर्देशन में ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में भी जिला जयपुर ग्रामीण में अभियान के तहत कार्रवाईयां करते हुए कई नशा कारोबारियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, नशीली दवाईयां व अवैध शराब जप्त की गई थी। इसी क्रम में दिनांक 13.06.2025 को कार्रवाई हेतु श्री शिवलाल बैरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व वृताधिकारी वृत फागी श्री रामधन आरपीएस के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी थाना फागी श्री गयासुद्धीन पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने सुरेशचन्द जांगीड पुत्र श्री सत्यनारायण, जाति खाती, उम्र 45 साल, निवासी धमीर्नाडा उर्फ रामनाडा, तन शंकरपुरा, पुलिस थाना फागी, जिला जयपुर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 8.97 ग्राम जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण संख्या 146/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में पंजिबद्ध किया गया। प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ कंहा से लेकर आया है, और किसे देने जा रहा हैं का गहनता से अनुसंधान जारी है। आगे भी जिला जयपुर ग्रामीण में अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत इसी प्रकार कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### ग्राम देवथला में मकान के जगलें तोडकर नकबजनी की वारदात का किया पदार्फाश

देश का दर्पण न्यूज
श्री आनन्द शर्मा आईपीएस उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 29.05.2025 को परिवादी श्री मनीष कुमार यादव निवासी तेजाजी की ढाणी तन नांगल कोज थाना गोविन्दगढ ने थाना गोविन्दगढ पर रिपोर्ट पेश कि दिनांक 28,29.05.2025 मध्य रात्रि को मेरे घर पर अज्ञात चोरो द्वारा मकान का जगंलो को तोडकर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी रुपए व अन्य सामान चुराकर ले गये। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 195/25 में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में मुल्जिमो की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियाँ आरपीएस व वृत्ताधिकारी गोविन्दगढ श्री राजेश कुमार जांगिड आरपीएस के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी थाना गोविन्दगढ श्री चन्द्रशेखर उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

# उत्तर प्रदेश सरकार के दावा हवा हवाई साबित मंदिर का रास्ता दलदल में तब्दील

**जहानाबाद, फतेहपुर।** कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला पूरनपुर स्थित प्राचीन राजराजेश्वर धाम बड़े बाबा में पहली बार श्रद्धालुओं को दलदल मार्ग से गुजरना पड़ेगा जहां एक ओर जलाभिषेक करने वाले कांवरियां तथा मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालु इस बार दलदल मार्ग से मंदिर परिसर पर पहुंचेंगे। कस्बा की सीमा से सटे गांव द्वरिकापुर जट्ट के किनारे कालेश्वर महादेव धाम में भी पहुंचने के लिए लोगों को यहां भी जंगल के रास्ते कच्चे मार्ग से होकर गुजरना पड़ेगा। मार्ग की साफ सफाई न होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश नजर आ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के दावे जहां एक ओर हवा हवाई साबित हो रहे हैं तो फतेहपुर प्रशासन इन दिनों उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश से बड़ा नजर आ रहा है सरकार ने जहां एक ओर सरकार मंदिर पर पड़ने वाले मार्गों पर विशेष साफ सफाई कराने के गड्ढा मुक्त मार्ग करने का दावा कर रही है। सावन माह में मंदिरों की साफ सफाई का



विशेष अभियान चलाया जि रहा उन सब की जीती जागती तस्वीरें व हकीकत कस्बा जहानाबाद की सीमा से जुड़े हुए दोनों मंदिरों पर देखी जा सकती है। भारतीय जनता पार्टी के कुछ पदाधिकारी फतेहपुर प्रशासन के इस कदम से नाराज नजर आ रहे हैं भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के विधानसभा संयोजक डॉक्टर ओमप्रकाश पाल ने कहा वर्तमान समय में कस्बे के जो दोनों प्राचीन मंदिर हैं जिन पर हजारों की तादाद पर श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं किंतु जल निगम के ठेकेदार की लापरवाही से राजराजेश्वर धाम का मार्ग पूरी तरीके से दलदल में तब्दील है जिला प्रशासन द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई न होने से जलाभिषेक करने वाले कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को दलदल मार्ग से पहुंचना पड़ेगा इस संबंध में नगर पंचायत प्रशासन ने सीमा विस्तार के नाम पर मार्ग मरम्मत नहीं कराए जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है द्वारिकापुर जट्ट स्थित मार्ग की साफ सफाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है लोगों ने साफ सफाई की मांग करने के साथ-साथ रास्ते की मरम्तिकरण की मांग की है।

# अपराध नियंत्रण छोड़ जमीन कब्जा कराने टीम लेकर पहुंचे इंटेलीजेंस प्रभारी !

## कहा मेरा व्यक्तिगत मामला, दो मिनट में कब्जा करा दूंगा!-अधिवक्ता व भाजपा महामंत्री को किया अपमानित!

**फतेहपुर।** जिले में एसओजी और इंटेलीजेंस विंग का काम बड़े अपराधों को कम करना है जिससे अपराध पर लगाम लग सके। मगर फतेहपुर जिले में अपराध पर काम करने वाली टीमें बेलगाम हो गई है। शनिवार को एक जमीन कब्जा करवाने इंटेलीजेंस प्रभारी अपनी टीम लेकर स्वयं पहुंच गए। जहां जमकर बवाल काटा। पीड़ित अधिवक्ता पक्ष ने जिला जज सहित बार एसोसिएशन को सूचित कर उच्चाधिकारियों से शिकायत की है ! अरुण चतुर्वेदी अपनी अराजकता के लिए पूर्व से चर्चित हैं। अपनी कार्यशैली की वजह से कई बार निलंबन सहित अन्य कार्रवाई के दायरे में आ चुके हैं। मलवा थाना क्षेत्र के कोराई गांव निवासी अधिवक्ता आदित्य शर्मा ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन पर लम्बे समय से विवाद चल रहा है। जमीन उनके कब्जे में कई दशकों से है। कई बार विपक्ष के लोगों ने प्रयास किया मगर उनके पक्ष में ही आदेश हुआ। बताया कि कुछ समय पूर्व राजस्व न्यायालय के आदेश के क्रम में विपक्षी ने खतौनी में अपना नाम चढ़वा लिया है जिसके खिलाफ उन्होंने अपील कर रखी है जिसकी तिथि 23/07/2025 नियत है। शनिवार को उन्हें मलवा



थाने बुलाया गया और जमीन की नाप की बात कही गई। बताया कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने की बात कहने पर विपक्षी भड़क गए। इस दौरान अपने आपको इंटेलीजेंस विंग प्रभारी बताने वाले अरुण चतुर्वेदी ने धमकाते हुए कहा कि उनका व्यक्तिगत मामला है वह जमीन पर कब्जा करा देंगे।
इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता आदित्य शर्मा से अधिवक्ता होने का प्रमाण मांगा। भाजपा मंडल महामंत्री से भी अभद्रता की। न्यायालय में मामला विचाराधीन होने का भी उपहास उड़ाया। एसपी से शिकायत करने की बात पर भी भड़क गए। और अपमानजनक तरीके से सभी को भगा दिया। मलवा थानाध्यक्ष व अन्य लोगों से आदेश पूर्वक कहा कि नाप कराओ। दो मिनट में ठीक कर दूंगा। पूरे मामले के कई वीडियो सोशल मीडिया में अधिवक्ता ने वायरल किए हैं जिसमें बेहद अभद्र तरीके से इंटेलीजेंस प्रभारी अरुण चतुर्वेदी बात करते नजर आ रहे हैं। हालांकि दैनिक यूथ इण्डिया वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामले को लेकर एएसपी महेंद्रपाल सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है। प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### छुट्टा पशु बने किसानों और वाहन चालकों के दुश्मन

**मिर्जापुर** -शाहजहांपुर शासन के सख्त निर्देशों के बाद भी कस्बे में सैकड़ों की संख्या में घूम रहे बेसहारा पशु जो किसानों के लिए आफत बने हुये है, सड़कों पर रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी खामोश बने हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि कहीं पर भी कोई गौवंशीय पशु सड़कों पर घूमता नजर नहीं आना चाहिए। जो भी छुट्टा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं,उन्हें पकड़वाकर गौशालाओं में रखे जाने क निर्देश दिए थे।

मिजार्पुर कस्बे में प्रदेश के मुखिया का आदेश बेअसर साबित हो रहा है। कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर थाने तक स्टेट हाइवे पर तमाम बेसहारा पशु घूमते नजर आ रहे हैं। इन बेसहारा पशुओं से कई बार बाइक सवार तथा चारपहिया वाहनों की सीधी टक्कर होने पर तमाम राहगीर घायल हो चुके हैं। वहीं बड़े वाहनों की चपेट में आकर कई गौवंशीयों की मौत भी हो चुकी है।

उधर यह छुट्टा पशु किसानों के लिए भी आफत बने हुये हैं। किसान रात दिन खेतों में ही जागकर जैसे तैसे फसल की रखवाली कर पा रहे हैं। फिर भी जरा सी भी चूक होने पर सैकड़ों की संख्या में घूम रहे यह छुट्टा पशु जरा देर में ही पूरी की पूरी फसल को खा जाते हैं। जिससे किसान बेहद दुखी हैं।

क्षेत्र के नागरिक तहसील और थाना समाधान दिवसों में प्रार्थना पत्र देकर सैकड़ों की संख्या में घूम रहे बेसहारा छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए कई बार खण्ड विकास अधिकारी से लेकर उपजिलाधिकारी से मांग कर चुके हैं।

### सावन के सोमवार को जलाभिषेक शिव जी में करने के लिए उपलब्ध




**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिंपल ने पदाधिकारियों के साथ भिटौरा के देवघाट में टैंकर में गंगाजल भरवाया, उन्होंने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को सिद्ध पीठ श्री बांके बिहारी मंदिर, सिद्ध पीठ श्री मोटेश्वर महादेव मन्दिर एवं सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर मन्दिर में गंगाजल उपलब्ध कराया गया, जिससे शिवभक्त शिव जी जलाभिषेक कर सकें, इस दौरान गंगा बचाओ समिति के प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार गुप्ता, आशीष मिश्रा, वीरेंद्र साहू, आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट, अभिषेक सैनी, सुरेन्द्र पाठक उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**फतेहपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की एक बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें संगठन मजबूती को लेकर जहां चर्चा की गई वहीं संगठन को विस्तारित किए जाने पर बल दिया गया। बैठक का नेतृत्व कांग्रेस नेता हम्माद हुसैन ने किया। बैठक में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी अमित द्विवेदी आजाद का आगमन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए छात्रों से संपर्क स्थापित किया जाए। ज्यादा से छात्रों को संगठन से



जोड़ने का काम करें। इसके अलावा संगठन को विस्तारित किए जाने के टिप्स भी प्रदेश उपाध्यक्ष ने दिए। इस मौके पर प्रदेश सचिव सौरभ द्विवेदी, प्रदेश महासचिव शैलेन्द्र सिंह पटेल, आकाश शुक्ला, अखंड प्रताप सिंह, नवनीत तिवारी, अभिषेक कश्यप, बिलाल, इशू अह्लद ताबिश, शिवांशु, मोहम्मद राशिद, राहुल, हशमत शमीम आदि लोग मौजूद रहे।

### आग लगने से लाखों का नुकसान

**जलालाबाद।** मोहल्ला रमजान नगर स्थित एक किराना व्यापारी के गोदाम में शनिवार रात करीब 11 बजे आग लग गई। व्यापारी सर्वेश के गोदाम में लगी इस आग की सूचना पड़ोसी ने फोन पर दी। मौके पर पहुंचने पर स्टोर धू-धू कर जल रहा था और पूरे इलाके में धुआं फैल गया था।सूचना मिलने के करीब 2 घंटे बाद जलालाबाद से एक और शाहजहांपुर से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। इससे पहले आसपास के घरों से पानी के पाइप जोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। सर्वेश ने बताया कि गोदाम में 40 बोरी चीनी, 20 बोरी सोयाबीन बड़ी, 20 बोरी मैदा, 250 पेटी साबुन और 300 पेटी बिस्कुट के साथ बड़ी मात्रा में माचिस, मेवा और मसाले रखे थे।आग से करीब 10 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा है। व्यापारी का कहना है कि शाम को कुछ अराजक तत्व सुनसान जगह का फायदा उठाकर स्टोर के पास शराब और सिगरेट पीते हैं। सिगरेट फेंकने से आग लगने की आशंका जताई गई है।

# मंदिर निर्माण को लेकर दो गुटों में जमकर हुई तकरार

## -सीओ सिटी व नायब तहसीलदार के समझाने पर साथ में पूजा में हुए शामिल





**फतेहपुर।** शहर के चैक स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रबंधन कमेटी का दावा करने वाले पप्पन रस्तोगी व राम प्रकाश गुट उस समय आमने सामने आ गए जब पप्पन रस्तोगी गुट की मंदिर निर्माण धर्मशाला व बेसमेंट में दुकान बनाये जाने की घोषणा के बाद रविवार को भूमि पूजन शुरू किया गया। मंदिर मंदिर प्रबंधन का दावा करने वाले दूसरे गट की ओर से रामप्रकाश गुप्ता समेत अन्य लोगों ने निर्माण कार्य पर नाराजगी जताते हुए भूमिपूजन का विरोध करने लगे। दोनों गुटों के आमने-सामने आने व जोरदार नारेबाजी शुरू हो गयी। जिससे कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गयी। सूचना पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझाकर विवाद शांत करने की कोशिश की। विवाद को शांत करने में हिन्दू संगठनों से बजरंग दाल के प्रान्त उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, अखिल भारत हिन्दू महासभा के उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी, आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग समेत संभ्रांत लोगों के समझाने की मशक्कत करते रहे लेकिन दोनो पक्ष राजी नहीं हुए। सूचना पर मौके पर पहुचे शहर कोतवाल तारकेश्वर राय दोनों पक्षों को कोतवाली लेकर आये और मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीओ सिटी व तहसीलदार भी सदर कोतवाली पहुंचे दोनो पक्षों व हिन्दू संगठनों से बातचीत के बाद निर्माण कार्य रोकने व अधूरी पूजा को पूरी करने की आम सहमति बनाई गयी।

पुलिस व प्रशासनिक स्तर पर बातचीत के बाद दोनो पक्ष कोतवाली से वापस हो गये एवं सामूहिक रूप पूजा में शामिल हुए।

**डीएम से मिलकर मंदिर निर्माण की राह करेंगे आसान**

मंदिर कमेटी प्रबंधन के अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी ने कहा कि श्री हनुमान मंदिर की भूमि पर उनकी कमेटी बेसमेंट में दुकाने ग्राउंड फ्लोर पर पर भव्य हनुमान मंदिर जिसमे राम दरबार व श्री कृष्ण दरबार का निर्माण कार्य कराएगा। साथ ही ऊपरी मंजिल पर समाज हिट के लिए धर्मशाला का निर्माण कराएगा।

**हमारी कमेटी असली दूसरे गुट का कब्जा अवैध राम प्रकाश**

रामप्रकाश गुट का कहना है कि उनकी कमेटी असली कमेटी है। मंदिर का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। मंदिर निर्माण को लेकर उनका कोई विरोध नही है बल्कि दुकानों के निर्माण को लेकर है।

### संगठन को और मजबूत किया जाएगा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री भाकियू -विभिन्न समस्याओं पर की गई चर्चा



**बिंदकी, फतेहपुर।** भारती किसान यूनियन टिकैत गुट के संगठन को और मजबूत करने का काम किया जाएगा यह बात रविवार को नगर की तहसील परिसर में संगठन की एक बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा। कहा कि कुछ लोगों को नई जिम्मेदारी दी गई है जिसके तहत अन्य लोगों को भी संगठन में काम करने का मौका दिया गया है निश्चित रूप से सभी लोग अपने जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। बिंदकी कस्बे के तहसील परिसर में रविवार को दोपहर करीब 12 बजे से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने संगठन मजबूती पर बल देते हुए बताया कि नवल सिंह पटेल को यूनियन का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा अशोक उत्तम को यूनियन का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव किया गया है जल्द ही उनकी घोषणा की जाएगी। कहा की लगातार संगठन को मजबूत किया जाएगा किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त डीएपी तथा यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है जिसके कारण किसान परेशान है। समितियां में डीएपी तथा यूरिया खाद के साथ नैनो यूरिया किसानों को जबरन दी जा रही है यह बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि खाद की प्राइवेट दुकानों में किसानों को बहुत ऊंचे दाम में खाद दी जा रही है ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही। नहरो में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। जिसके कारण किसान परेशान है बरसात के मौसम में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण पशुओं में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि समस्याएं हल नहीं होगी तो यूनियन के लोग सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने का काम करेंगे। इस मौके पर यूनियन के नेता देवनारायण पटेल, यदुनंदन आर्य, कप्तान सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमारी उत्तम, ममता गुप्ता, छोटेलाल सोनकर, मन्नीलाल सोनकर, अनूप सैनी, रमाशंकर सूर्यवंशी, जय सिंह यादव, मुशीर हुसैन, भैरव प्रसाद, छोटेलाल, गुड़िया देवी, मिथिलेश गौतम, राधेश्याम, चंद्र गोविंद दुबे, इखलाक अहमद, राकेश कुशवाहा, हीरालाल प्रजापति तथा जवाहर पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### महिला की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिंदकी, फतेहपुर।** महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित तीन हत्या आरोपियों को गिरफ्तार किया पुलिस ने तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। बताते चले की जनता गांव में शुक्रवार की सुबह साजमा उम्र 28 वर्ष पत्नी इसराइल उर्फ इसरैल का शव घर के अंदर संदिग्ध



अवस्था में मिला था। इस मामले में मृतक महिला के पिता मोहम्मद इदरीश निवासी मोहल्ला सुनराही गली कस्बा जहानाबाद थाना जहानाबाद ने पति सहित कई ससुराली जनों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने रविवार को दिन में करीब 11रू00 बजे बिंदकी कस्बे के मां ज्वाला देवी मंदिर के निकट बाईपास से तीन हत्या आरोपियों मृतक महिला के पति इसराइल उर्फ इसरैल उम्र 30 वर्ष ससुर सलीम उम्र 50 वर्ष पुत्र भूरा उर्फ भूरे शाह तथा सांस मेहरून उम्र 48 वर्ष पत्नी सलीम को गिरफ्तार कर लिया।

## भारत विकास परिषद् मानसरोवर शाखा का स्थापना दिवस समारोह एवं नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण



**जयपुर,** – भारत विकास परिषद्, मानसरोवर शाखा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल सामुदायिक भवन, शिप्रा पथ, मानसरोवर में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवगठित कार्यकारिणी ने अपने दायित्वों का विधिवत रूप से शपथ ग्रहण किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि संजीव भार्गव (प्रांतीय महासचिव) थे, जिन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती रीता भार्गव, गुंजन सक्सेना एवं श्रीचंद चोटिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर ईश्वर दास गोयल ने अध्यक्ष पद, प्रमोद गुप्ता ने सचिव पद एवं अंतु लाल अग्रवाल ने वित्त सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष हरी शंकर गोयल एवं मुख्य सलाहकार राम गोपाल सिंघल व रामावतार गुप्ता की उपस्थिति समारोह में विशेष रही

नवीन अध्यक्ष ईश्वर दास गोयल ने अपने उद्बोधन में यह विश्वास दिलाया कि परिषद् द्वारा विशेष सामाजिक अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें झुग्गी बस्तियों की महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं में एनीमिया की जाँच, औषधि वितरण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मानसरोवर क्षेत्र में पौधारोपण का भी व्यापक अभियान चलाया जाएगा साथ ही पेड़ों की सुरक्षा एंव संरक्षण का कार्य भी किया जाएगा।
सभा में राम गोपाल सिंघल, एवं पूर्व अध्यक्ष हरी शंकर गोयल ने मार्ग दर्शन परक व्याख्यान दिए। पार्षद रामावतार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में सफाई का ध्यान रखने एंव पोलीथीन मुक्त भारत के बारे में बताया
कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद गुप्ता द्वारा किया गया।
कार्यक्रम के अंतर्गत भारत विकास परिषद् की गतिविधियों पर प्रश्नोत्तर सत्र और एक कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित जनों को परिषद् के उद्देश्यों एवं सामाजिक योगदान के प्रति जागरूक किया गया।
यह आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में परिषद् की प्रतिबद्धता को और भी सशक्त करता है।

## राजकुमार राव ने शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर 5.45 करोड़ की कमाई के साथ बड़ी छलांग लगाई, मालिक की कुल कमाई 9.47 करोड़!

**जित मुम्बईः**-राजकुमार राव की मालिक ने अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है क्योंकि इसने शनिवार को बड़ी छलांग लगाते हुए 5.45 करोड़ की प्रभावशाली कमाई की। इसके साथ, फिल्म की कुल कमाई अब केवल दो दिनों में 9.47 करोड़ हो गई है। एक्शन से भरपूर गैंगस्टर ड्रामा अपनी रिलीज के बाद से ही चर्चा का विषय बना हुआ है, दर्शकों ने राजकुमार राव के करियर को परिभाषित करने वाले उनके अब तक के सबसे अंधेरे और क्रूर अवतार की सराहना की है। मजबूत मुंहफट प्रचार और बढ़ते दर्शकों के साथ, मालिक साल की सबसे चर्चित एक्शन थ्रिलर बनने की राह पर है। मालिक 80 के दशक के इलाहाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित एक गहन एक्शन मनोरंजन है पुलकित द्वारा निर्देशित, जो अपनी दमदार थ्रिलर और भावनात्मक रूप से आवेशित ड्रामा के लिए जाने जाते हैं, तथा टिप्स फिल्म्स के बैनर तले कुमार तौरानी और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के जय शेवक्रमणी द्वारा निर्मित, मालिक सिनेमाघरों में चल रही है।




[23:15, 13/7/2025] ऊङं ऊठीध्ः 25 दुग्ध व्यवसायी रौशन कुमार को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, जिंदगी और मौत से जुझ रहे निजी अस्पताल मुजफ्फरपुर में

देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से
बिहार के वैशाली ?जिले अन्तर्गत कटहरा थाना क्षेत्र के कटहरा से सेहान जाने वाली मार्ग में शेरपुर जलाल गांव में पुल के समीप 22 वर्षीय दुग्ध व्यवसायी रौशन कुमार को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली। राही ने जख्मी हालत में कराह को कटहरा स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। चिकित्सक ने जख्मी की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। इसी दौरान परिजनों को सूचना मिलते ही जख्मी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ जख्मी की हालत गंभीर होने की बात स्वजनों द्वारा कहीं गयी है। घटना की सूचना मिलते ही घटना के स्थिति का जायजा लिया।

## पुलिस ने पांच कार्टन बियर किया बरामद

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली)** पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार पातेपुर थाना अध्यक्ष ने बारिश के दौरान नए अंदाज में पकड़ी बियर। मौके से बियर लदी गाड़ी को किया जब्त। चालक को किया गिरफ्तार।
मिली जानकारी अनुसार पातेपुर नगर पंचायत के बजरंग चौक पर पुलिस ने नए अंदाज में शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कारोबारी को गिरफ्तार किया है।सदा लिबास में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने महुआ से आ रहे डिजायर को हाथ देकर रोका। मौके से चालक भागना चाहा। लेकिन सिविल ड्रेस में अनोखे तरीके थाना अध्यक्ष ने गाड़ी चालक को रोका। गाड़ी रुकते ही उसमें तलाशी ली गई। जिसमें पांच कार्टन बियर बरामद हुई। मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया। बियर लदी गाड़ी को थाना लाकर आगे की करवाई में जुट गई है।



## चिकित्सा शिविर में 425 लोग हुए लाभान्वित

**झुंझुनू।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में वीर रमेश चंद्र शर्मा के सौजन्य से माता-पिता की स्मृति में नेत्र चिकित्सा एवं मधुमेह व उच्च रक्तचाप शिविर चावो दादी मंदिर झुंझुनू में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर जालान ने बताया कि शिविर में 265 आंखों के रोगियों की जांच कर दवाइयां एवं 115 चश्में वितरण किए गए। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 16 रोगियों का चयन किया जिनके ऑपरेशन सोमवार को करवाए जाएंगे।

# 25 दुग्ध व्यवसायी रौशन कुमार को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, जिंदगी और मौत से जुझ रहे निजी अस्पताल मुजफ्फरपुर में

**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**
बिहार के वैशाली ?जिले अन्तर्गत कटहरा थाना क्षेत्र के कटहरा से सेहान जाने वाली मार्ग में शेरपुर जलाल गांव में पुल के समीप 22 वर्षीय दुग्ध व्यवसायी रौशन कुमार को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली। राही ने जख्मी हालत में कराह को कटहरा स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। चिकित्सक ने जख्मी की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। इसी दौरान परिजनों को सूचना मिलते ही जख्मी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ जख्मी की हालत गंभीर होने की बात स्वजनों द्वारा कहीं गयी है। घटना की सूचना मिलते ही घटना के स्थिति का जायजा लिया। जख्मी की मोबाइल के साथ घटना स्थल से खोखा को पुलिस बरामद किया है। घटना को पुलिस आपसी विवाद में अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया है। मली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि में शेरपुर जलाल गांव निवासी किशोरी राय के पुत्र सह दुग्ध व्यवसायी रौशन कुमार के मोबाइल आते ही घर से निकल गया। उसके पिता किशोरी राय दुग्ध व्यवसायी से जुड़े हुए थे?। जैसे ही कटहरा से सेहान जाने वाली मार्ग में शेरपुर जलाल गांव स्थित पुल के आते ही अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर फरार हो गया। जख्मी रोशन कुमार कराह रहा था। इसी दौरान उसी रास्ते से राही गुजर रहा था। राही ने कटहरा चौक पर उपस्थित लोगों से कहा कि एक जख्मी व्यक्ति कराह रहा है। उपस्थित लोगों ने आनन फानन में कटहरा चौक स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान जख्मी के स्वजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही निजी अस्पताल कटहरा पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुँच कर स्थिति का जायजा तेते समय एक खोखा बरामद होने की चर्चा लोगों द्वारा की जा है। जख्मी का मोबाइल फोन पुलिस के कब्जे में है। जैसा कि जख्मी के स्वजनों द्वारा जानकारी दी गई। जख्मी की स्थिति गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। जख्मी के स्वजनों ने मुजफ्फरपुर स्थित निजी अस्पताल में इलाजरत होने की बात कही गयी। जख्मी की स्थिति नाजुक होते की बात कही गयी है। इस संबंध में कटहरा थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला आपसी विवाद से जुड़ी हुई में गोली मारकर जख्मी कर दिया है। अभी तक जख्मी के स्वजनों के द्वारा आवेदन पत्र नहीं दिया गया है। आवेदन मिलते ही कारवाई शुरू कर दिया जायेगा।



## सीकर जिले के धोद विधानसभा क्षेत्र में आज कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आयोजित हुई

**जयपुर, 13 जुलाई। सीकर जिले के धोद विधानसभा क्षेत्र में** आज कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आयोजित हुई। जिसमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जुली, एआईसीसी के सचिव व सह प्रभारी श्री चिरंजीव राव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि आज कांग्रेस का संगठन मजबूत स्थिति में है और शेखावाटी में तो बेहद मजबूती के साथ कांग्रेस संगठन लोगों के दुख तकलीफ को दूर करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि आम आदमी के साथ कांग्रेस कार्यकताओं को खड़ा होना पड़ेगा उनके दुख तकलीफों में शामिल होना पड़ेगा यदि सरकार के कार्यों से अन्याय हो रहा है तो आमजन को न्याय दिलाने के लिए उनकी पीड़ा दूर करने के लिए सबको एकजुटता के साथ कार्य करना होगा और इसके लिए आवश्यक है कि गांव-गांव, ढाणी ढाणी जाकर आम जन के संपर्क में रहे और उनसे लगातार संवाद बना रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी को प्रशासन से सहायता की आवश्यकता है तो हमारा कर्तव्य बनता है कि हम आमजन के बीच जाकर उन्हें सहायता उपलब्ध करवाये। उन्होंने कहा कि ऐसा करेंगे तो कांग्रेस कभी कमजोर नहीं हो सकेगी और जिस मजबूती के साथ आज तक काम किया है उसी प्रकार मजबूती से कार्य करें क्योंकि कांग्रेस और कांग्रेस के नेताओं ने हमेशा जनता की सेवा करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार युवाओं, महिलाओं के लिए कोई कार्य नहीं कर रही है केवल जुमलेबाजी और भाषण बाजी होती है, इवेंट मैनेजमेंट करके माहौल बनाया जाता है लेकिन आमजन के कल्याण का कोई कार्य इस भाजपा सरकार ने नहीं किया है




## केंद्रीय बस स्टैंड की हालत अपनी जर्जर हादसे को न्यौता छत से गिरता प्लास्टर

**देश का दर्पण.. दैनिक अखबार पत्रकार.. राकेश कोठेनिया हलेना**
**भरतपुर**...मुख्यमंत्री के गृह शहर भरतपुर का केंद्रीय बस स्टैंड अपनी जर्जर हालत के चलते हादसे को न्यौता दे रहा है। छत से प्लास्टर गिरने की घटना हाल ही में सामने आई, लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अब तक गंभीर नहीं दिख रहे हैं। यात्रियों की जान जोखिम में डालकर छत पर सिर्फ पर्दे टांग दिए गए हैं और जर्जर हिस्सों को तारों से घेर दिया गया है – यह इंतजाम नहीं, बल्कि लापरवाही को ढकने का तरीका है। छत से सरिया झांक रहे हैं, और बारिश में पानी टपकना आम बात हो गई है। यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भरतपुर जैसे ज़िले के मुख्य बस अड्डे की यह हालत चिंताजनक है। त्रिपाल और पर्दों से हादसे नहीं रुकते। डिपो प्रबंधक शक्ति सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों को कई बार सूचना दी गई है, लेकिन कार्रवाई शून्य है। सवाल यह है कि क्या किसी की जान जाने के बाद ही अफसर जागेंगे?



## शराब के नशे में दो पक्षों के बीच कहासुनी में गोली चली

**देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना**
भरतपुर.... चिकसाना क्षेत्र के सूती फुलवारा गांव में शाम 6.30 बजे के करीब दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मामला फायरिंग तक पहुंच गया। इस झगड़े में एक युवक सिर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अशोक कुमार को तुरंत आरबीएम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच शराब के नशे में कहासुनी और मारपीट हुई, जिसके बाद गोली चली। पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में चार आरोपी शामिल हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है। एक मुख्य आरोपी को डिटेन कर लिया है, जबकि बाकी तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। फिलहाल मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



## दरबार का विधायक अमीन कागजी जी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर विधायक निधि कोष से फर्नीचर टेबल कुर्सी

**देश का दर्पण न्यूज**
**डीसी शर्मा**
जयपुर,बाबा हरिश्चंद्र मार्ग, चांदपोल बाजार स्थित विद्यालय की जर्जर हालत देखकर विधायक अमीन कागजी जी का मन दुखी हो गया। बारिश के मौसम में विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर हालात में होने की वजह से जगह जगह से छत से प्लास्टर गिर रहा है, फर्श टूटे हुए हैं, छतों से पानी रिस रहा है और कुछ कमरों में तो दीवारों में करंट आ रहा है। साथ ही विधालय के कई क्लास रूम में टूटा-फूटा फर्नीचर मलबे व कबाड़ के ढ़ेर लगे होने के कारण शिक्षक-गण छात्र छात्राओ को कक्षाओं में पढ़ाने के बजाय खुले आसमान के नीचे पढ़ाने को मजबूर है इसी कारण पढ़ाई सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है, साथ ही विधालय मे दरी पट्टी पर छात्र-छात्राओं को बैठने की व्यवस्था देख और क्षेत्रवासियों के अनुरोध पर अपने विधायक निधि कोष से फर्नीचर टेबल कुर्सी ,कंप्यूटर ,आलमारी ब्लेक बोर्ड आदि सामान देने की अनुशंसा की `विद्यालय में साफ सुधरे शौचालय की व्यवस्था नहीं होने एवं पीने के साफ पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्टाफ व छात्र-छात्राओ मे बीमार होने का खतरा बढ़ रहा हे`और राज्य सरकार सिर्फ. कोरी घोषणाओं में लगी हुई है जबकि वास्तविक धरातल पर कुछ भी नहीं है, सरकार बच्चों को शिक्षा नहीं दे पा रही, शिक्षा की व्यवस्था नहीं कर पा रही फिर ऐसी सरकार का क्या मतलब है ?
ये तो सिर्फ एक विद्यालय की तस्वीर नहीं है प्रदेश में ऐसे कई विद्यालय हैं जिनकी हालत बहुत खराब है,
पर सरकार शिक्षा के मामले में बिल्कुल गंभीर नहीं है।
इस विधालय के निरीक्षण के मौके पर क्षेत्रीय पार्षद अरविंद मेठी जी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग साथ रहे` विधायक कागजी जी ने सभी से इस विद्यालय की हालत सुधारने के बारे मे विचार विमर्श किया और संबन्धित अधिकारियों से विधालय बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के लिए दिशा- निर्देश दिये`



## पांचवी तांग-था रेफरी एंड ट्रेनिंग सेमिनार का हुआ शुभारम्भ

**झुंझुनू।** बगड़ स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी के सानिध्य में पाँचवां तांग-था रेफरी एंड ट्रेनिंग सेमिनार का शुभारंभ समारोहपूर्वक हुआ। दो दिवसीय यह सेमिनार 12 और 13 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के 25 जिलों से 200 से अधिक खिलाड़ी (पुरुष एवं महिलाएं) भाग ले रहे हैं। एकेडमी के डायरेक्टर राकेश सैनी ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य खिलाडि?ं और प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर दिशा-निर्देश व नियमों की जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि सेमिनार के सफल आयोजन के बाद निकट भविष्य में राज्य स्तरीय तांग-था प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे राजस्थान से खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान खिलाडि?ं में जबरदस्त उत्साह देखा गया और विशेषज्ञों द्वारा उन्हें नियमों, तकनीकों एवं खेल भावना के महत्व पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनू के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के तौर पर राजस्थान सचिवालय से मुख्य खेल अधिकारी मालती चौहान, तांग-था फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विनोद शर्मा, राजस्थान तांग-था एसोसिएशन से सचिव ललिता कुच्छल, कोमल कंवर, सुनीता सैनी, उमेद सिंह, बृजराज सिंह, मुकेश योगी, ओमप्रकाश, रिंकू सैनी, नितिन राठौड़, रजनीकांत शर्मा, गुरुदेव सैनी और पवन जांगिड़ जैसे गणमान्य उपस्थित रहे।



## अग्रवाल समाज समिति झुंझुनू के तत्वावधान में 21 सौ पौधे वितरित

**झुंझुनू।** अग्रवाल समाज समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष गणेश हलवाई ने आने वाले अपने कार्यकाल की रूपरेखा तैयार करते हुए कहा है कि अग्रवाल समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों को अब आर्थिक सहायता के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें भामाशाहों के सहयोग से स्कॉलरशिप प्रदान करने की बात कही ताकि वे आर्थिक परेशानी की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ? में कमजोरी महसूस ना करें। अध्यक्ष हलवाई ने कहा कि समाज में ऐसी लड़कियों की शादी करवाने में भी हम मदद करेंगे जिसकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति कमजोर हो। उन्होंने कहा कि हमारा समाज देश की राजनीति में भी सबसे ज्यादा सहयोग करता है तो क्यों ना हम समाज के कमजोर वर्ग को ऊंचा उठाने में भी मदद करें। अग्रवाल समाज समिति की ओर से वर्षा ऋतु सावन माह के उपलक्ष्य में विवेक केजरीवाल पुत्र ओमप्रकाश केजरीवाल, नवीन केजरीवाल, जय बजरंग टिंबर एवं हार्डवेयर मर्चेंट झुंझुनू के सहयोग से 2100 पौधों का वितरण अग्रवाल समाज समिति झुंझुनू के तत्वाधान में अग्रसेन भवन में वितरित किये गये। जानकारी देते हुए अध्यक्ष गणेश हलवाई ने बताया कि आशीष तुलस्यान व उनकी टीम बधाई की पात्र है जिन्होंने इस पुनीत कार्य में पौधा वितरण कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया।



## विधायक गोपाल शर्मा और भाजपा खेल प्रकोष्ठ जयपुर जिला मंत्री लक्ष्मण सिंह चौहान ने सोडाला क्षेत्र में किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**जयपुर,मे** पर्यावरण संरक्षण और हरित जयपुर की दिशा में एक और सार्थक कदम बढ़ाते हुए सोडाला क्षेत्र की श्याम वाटिका कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल शर्मा तथा भाजपा खेल प्रकोष्ठ जयपुर जिला मंत्री लक्ष्मण सिंह चौहान ने स्वयं पौधारोपण कर आमजन को हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय नागरिकों, वेद वाटिका विकास समिति के सहयोग से किया गया। वृक्षारोपण के दौरान नीम, पीपल, गुलमोहर और अशोक जैसे छायादार एवं औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए गए विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि "प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है।" उन्होंने युवाओं को इस अभियान में आगे आने की प्रेरणा दी लक्ष्मण सिंह चौहान ने भी कहा, "पर्यावरण की रक्षा ही आज की सबसे बड़ी देशभक्ति है। हर नागरिक को वर्ष में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखरेख का संकल्प लेना चाहिए इस मौके पर स्थानीय समाजसेवियों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण जागरूकता की शपथ ली लक्ष्मण सिंह चौहान ने कहा वृक्षारोपण के अलावा विधायक गोपाल शर्मा के समक्ष समिति की जो भी समस्या है उनको उनसे अवगत करवाया हे विधायक ने में आश्वासन दिया है जल्द से जल्द हमारी समस्या का समाधान किया जाएगा

## राज्यसभा सांसद नीरज डाँगी ने दी पाली व सिरोही को सौगात

### --पाली के देसूरी में लाइब्रेरी निर्माण के लिए 15 लाख तो वहीं सिरोही के खड़ात में भजन संध्या स्थल पर शेड निर्माण के लिए 10 लाख की दी स्वीकृति

**दिनेश मेघवाल**
**आबूरोड़।** विकास कार्यों को लेकर सदैव सक्रिय रहने वाले राज्यसभा सांसद नीरज डाँगी ने पाली-सिरोही जिले में एक बार फिर सांसद कोष निधि से 25 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की है। सूचना के अनुसार सांसद डाँगी ने पाली जिले की पंचायत समिति देसूरी में श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान की देसूरी शाखा में लाम्पी-देसूरी रोड़ पर सार्वजनिक लाइब्रेरी निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की है वहीं सिरोही जिले की ग्राम पंचायत खड़ात, पंचायत समिति आबूरोड़ में हनुमान टेकरी, मेला मैदान में भजन संध्या स्थल पर शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की है। गौरतलब है कि नीरज डाँगी समय समय पर जनता की आवाज को संसद में भी बुलंद करते रहते है वहीं जनहित कार्यों के लिए सांसद निधि से बजट भी जारी करते रहते है।



## आठ वर्षों से पीड़िता पति के जुल्मों का शिकार षड्यंत्र पर षड्यंत्र कर आत्महत्या के लिए किया मजबूर

**देश का दर्पण ।सुनहरा ब्यूरो।**
**लखीमपुर खीरी।** प्यार में धोखा खाई विवाहिता को क्या पता था की पति चाल पर चाल चल रहा वह प्यार में इतना पागल थी जो कहता फौरन राजी पति अपने षड्यंत्र में हुआ कामयाब पीड़िता को ऐसे दो राहे पर छोड़ा न वो जी पा रही न मर पा रही हैं सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगमबाग की रहने वाली पीड़िता

फूलबानों ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है। की पीड़िता के पास के रहने वाले इस्तियाक पुत्र मुमताज अली निवासी शिवपुरी बेगमबाग चौकी मिश्राना कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर पीड़िता को शादी का झांसा दे शारीरिक सम्बन्ध बनाए,पीड़िता शादी की बात करती तो इस्तियाक इधर उधर की बात कर टाल देता पीड़िता को शक हुआ कि इस्तियाक सिर्फ जिस्म का भूखा है उसका शादी का इरादा नहीं है पीड़िता ने बीना शादी संबंध बनाने का विरोध किया तो इस्तियाक ने शादी करने से इंकार कर दिया पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई पीड़िता ने शादी न करने का कारण पूछा तो लालची इस्तियाक ने कहा कि मेरे घर वाले जहां शादी करेंगे वहां पर दहेज मिलेगा इस प्रेम प्रसंग में तुम मेरे माथे मढ़ दी जाओगी मुझे कुछ नहीं मिलेगा जिस पीड़िता ने कहा कि मैं अपने पिता से कहकर शादी की तरह सारा दान दहेज दिलाऊंगी उसके बाद भी अगर तुमने शादी नही की तो तुम्हारे विरुद्ध पुलिस में कम्पेड करूंगी इतना सुनते ही

इस्तियाक आग बबूला हो गया कहने लगा पुलिस में कम्पेड कर रेप केस में फांसेगी पीड़िता ने कहा शादी न करने की कम्पलेड करूंगी इस पर इस्तियाक ने कहा शादी करूंगा लेकिन तेरा वो हाल करूंगा की तू कही मुंह दिखाने वाली नहीं रहेगी दबाव में इस्तियाक से दिनांक 04.दिसंबर.2017 को पीड़िता का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया दान



दहेज में पीड़िता के पिता द्वारा मोटरसाइकिल न दिए जाने से पति इस्तियाक खुश नहीं था। शादी के एक वर्ष दो माह किसी तरह से रो धोकर यातनाएं झेलते हुए कटे दिनांक 3.मई.2019 को पीड़िता को सास ससुर पति द्वारा मार-पीट कर जेवर कपड़े छीनकर भगा दिया पति बाहर अपने काम पर चला गया पीड़िता के मायके वाले पति के पास जाने का दबाव बताते तो पीड़िता जब भी पति से साथ रहने कि बात करती तो पति कुछ दिन का समय देकर समझा-बुझा देता एक दिन पीड़िता को गुस्सा आ गया और पति के पास जाने की ज़िद पर अड गई पति द्वारा अपने एक रिश्तेदार गुल्लू पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी भीरा थाना भीरा जिला खीरी से संपर्क साधने की एवं मदद लेने की बात कही पीड़िता गुल्लू से मिली गुल्लू पीड़िता को दिनांक 04.मई.2019 को अपने घर भीरा ले गया पति से बात कराई पति ने कहा वही रहना कोई भी बात अपने घर वालों को न बताना कहा है कहां नहीं मैं वहीं आऊंगा फिर कहीं अलंग किराए के मकान में रहूंगा उसके बाद गुल्लू भी बाहर चला गया पीड़िता का मोबाइल भी ले गया जिससे पीड़िता न पति से न मायके वालों से बात कर पाई इधर शातिर पति ने हर जगह यह खबर उठा दिया की मेरी पत्नी भाग गयी और उसके पांच दिनों बाद पीड़िता की मां से दिनांक 09.मई.2019 को एन सी आर सं0.139/2019 धारा 198ए,भ0.द0.सं0.में दर्ज कराई और मां से अगूठा लगा कर पुलिस में बयान दर्ज कराए पीड़िता

गुल्लू के परिजनों के साथ एक माह तक रही बाद में पीड़िता को पता चला की पति द्वारा गुल्लू के साथ भेज प्रेमी के साथ भाग जाने एवं चरित्रहिन होने की झूठी खबर एवं मां से एनसीआर दर्ज करा उसके साथ बहुत बड़ा खेल खेला है यही से पीड़िता के जीवन में भूचाल आ गया न्यायालय ने झूठी एनसीआर को निरस्त कर दिया उसके बाद पीड़िता ने पति से इस तरह का खेल खेलकर जीवन क्यों बर्बाद करने की बात कही पति ने साथ तो रखना दूर उल्टे तीन तलाक देने की धमकी दी जिसकी दिनांक 22-अगस्त-2019 को मु0.अ0.सं0.145/2019 धारा 498ए,323,504,506,3,4,आई0 पी0सी0 एफआईआर दर्ज पति के विरुद्ध दर्ज कराई पीड़िता का मोबाइल लेकर उसमें पति ने अपने मोबाइल से चेटिंग की जिसमें गुल्लू ने पति का सहयोग किया जो साक्ष्य के रूप में रखा 8 वर्ष से आर्थिक तंगी से जूझ रही पीड़िता के पक्ष मे न्यायालय से 2 हजार रूपए प्रति माह पति को पीड़िता को देने का आदेश हुआ उस पर बेरहम पति हाइकोर्ट से स्टे ले आया पीड़िता को कोई आपत्ती नही खर्च न दे या तो अपनाएं या छोड़ दें जो पति नहीं कर रहा है सिर्फ यातनाएं दे प्रताड़ित कर रहा जिसका उदाहरण दिनांक 13.07.2025 को प्रातः 9 बजे पति घर नीचे कमरे में आया पीड़िता ने सोचा शायद कुछ बदलाव आया पति ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबदस्ती शारिरिक संबंध बना लिया पीड़िता ने साथ रखने की बात की तो कोई बिना जबाब दिए पति चला गया।

## जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**सुरज वर्मा**
**भीलवाडा** ज़िले में जिला स्तरीय नेटबाल संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय पुरुष व महिला नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कवाड़ा खान रोड पर किया गया प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग में कुल 112 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा प्रतियोगिता में कुल आठ निर्णायकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई समापन समारोह के मुख्य अतिथि नूर इलाही पठान प्रधानाचार्य अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल जावेद कायमखानी शारीरिक शिक्षक एन आई इस कोच गोविंद शर्मा अजययाद शेख जनत माति अनवर अली डायर श्रवण खटीक दीपक खींची पवन कुमार खोईवाल सीताराम बसीटा राहुल तेली जिला खेल कूद प्रशिक्षण केंद्र के पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह पूनम जीनगर उर्वशी पवार आदि उपस्थित थे फाइनल मैच



पुरुष वर्ग अंजुमन सीनियर सेकेंडरी वर्सेस जे सी आर क्लब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमगंज खेल मैदान मध्य खेला गया जिसमें जे सी आर क्लब ने खिताब जीता महिला वर्ग में भीलवाड़ा गर्ल्स वर्सेस जय सियाराम क्लब के बीच हुआ जिसमें जय सियाराम क्लब ने खीताब अपने नाम किया संघ के सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी 25 जुलाई से सीकर म

आयोजित 13वीं राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता में भाग लेंगे

## न्यूज फ्लैश

### जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



**सुरज वर्मा**
**भीलवाडा** ज़िले में जिला स्तरीय नेटबाल संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय पुरुष व महिला नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कवाड़ा खान रोड पर किया गया प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग में कुल 112 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा प्रतियोगिता में कुल आठ निर्णायकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई समापन समारोह के मुख्य अतिथि नूर इलाही पठान प्रधानाचार्य अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल जावेद कायमखानी शारीरिक शिक्षक एन आई इस कोच गोविंद शर्मा अजययाद शेख जनत माति अनवर अली डायर श्रवण खटीक दीपक खींची पवन कुमार खोईवाल सीताराम बसीटा राहुल तेली जिला खेल कूद प्रशिक्षण केंद्र के पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह पूनम जीनगर उर्वशी पवार आदि उपस्थित थे

फाइनल मैच पुरुष वर्ग अंजुमन सीनियर सेकेंडरी वर्सेस जे सी आर क्लब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमगंज खेल मैदान मध्य खेला गया जिसमें जे सी आर क्लब ने खिताब जीता महिला वर्ग में भीलवाड़ा गर्ल्स वर्सेस जय सियाराम क्लब के बीच हुआ जिसमें जय सियाराम क्लब ने खीताब अपने नाम किया संघ के सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी 25 जुलाई से सीकर में आयोजित 13वीं राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता में भाग लेंगे

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया "रंगीलो सावन महोत्सव" का पोस्टर विमोचन



**जयपुर, 13 जुलाई 2025 ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने "रंगीलो सावन महोत्सव" कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया।
"रंगीलो सावन महोत्सव" कार्यक्रम का आयोजन भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से 15 जुलाई को अणुविभा केंद्र, गौरव टावर के सामने, मालवीय नगर में आयोजित किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री जयश्री गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा विशिष्ठ अतिथियों में राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी,जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी रहेंगे ।
भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री जयश्री गर्ग ने बताया एक दिवसीय "रंगीलो सावन महोत्सव" कार्यक्रम में महिला शक्ति परंपरा और संस्कृति का जीवन संगम देखने को मिलेगा। पारंपरिक झूले, मेहंदी, लहरिया साड़ी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा । साथ ही महिलाओं को भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ने और सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। तीज जैसे उत्सवों के माध्यम से हम अपनी परंपराओं को सहेजने का प्रयास कर रहे हैं।

## शाहपुरा का पिवणिया तालाब छलका, चली चादर-देखने उमड़ा जनसैलाब



सुरज वर्मा
शाहपुरा शहर में क्षेत्रवासियों के लिए आज का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया जब पिवणिया तालाब लबालब भरकर छलक उठा और उस पर चादर चलने लगी। लगातार बारिश के बाद तालाब के भराव ने वर्षा ऋतु की सफलता का प्रमाण दे दिया।
तालाब की चादर चलने की सूचना मिलते ही शाहपुरा और आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोग भारी संख्या में पहुंचने लगे। हर उम्र के लोग इस प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने पहुंचे, जिससे तालाब के किनारे मेला सा माहौल बन गया।
स्थानीय निवासी इसे वर्षा देवता का आशीर्वाद मानते हैं और इसे अच्छे कृषि संकेत के रूप में देख रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर मुस्कान थी। चादर चलने का यह दृश्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## बालाजी गौवंश हेल्पलाइन की वार्षिक बैठक संपन्न

**सुरज वर्मा**
**शाहपुरा** शहर के प्रसिद्ध खानियां के बालाजी मंदिर प्रांगण में बालाजी गौवंश हेल्पलाइन की वार्षिक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में शाहपुरा, भीलवाड़ा, केकड़ी और अजमेर जिले के बालाजी गौवंश हेल्पलाइन टीम के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।
गौवंशों के हितार्थ चर्चा
बैठक में गौवंशों के हितार्थ किए जाने वाले कार्यों के संबंध में चर्चा हुई और गौ सेवा के संबंध में आने वाली समस्याओं के बारे में विचार विमर्श हुआ। कार्यकताओं ने अपने अनुभव साझा किए और गौवंशों की सेवा में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।
**बेहतरीन सेवा सम्मान**
टीम द्वारा गोसेवा में बेहतरीन



योगदान देने वाले गौसेवकों का दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट करके सममान किया गया।
**भोजन प्रसादी का कार्यक्रम**
कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सभी उपस्थित कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ मिलकर गौवंशों की सेवा में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शाहपुरा, भीलवाड़ा, केकड़ी व भिनाय मांडलगढ़ आदी टीमों के गो सेवकों ने भाग लिया।

## मेघवाल बने भीम सेना के सलूम्बर जिला प्रभारी

**सुरज वर्मा**
**भीम** सेना राजस्थान द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता विजेश मेघवाल को सलूम्बर जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के संस्थापक एडवोकेट अनिल टिड़दिया के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश रायकवाल एमनिया पाड़ला की अनुशंसा पर प्रदेश संयोजक मोती मेघवाल ने संगठन के उद्देश्यों एवं संविधान के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए की गई है।विजेश मेघवाल,निवासी सलूम्बर, लंबे समय से सामाजिक न्याय, समानता और संविधान संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।
उनकी नियुक्ति से संगठन को सलूम्बर क्षेत्र में नई ऊर्जा मिलेगी। इसके साथ ही नई नियुक्तियो में गौरांग मीणा इंटाली पाल को जिला उपाध्यक्ष, जितेंद्र वडेरा को झल्लारा ब्लॉक उपाध्यक्ष ,



वालाराम मेघवाल भरदा ग्राम अध्यक्ष और दिनेश मेघवाल को भरदा ग्राम सचिव के पद पर नियुक्त किया ।भीम सेना का उद्देश्य सामाजिक न्याय, संविधानौर राष्ट्रहित को समर्पित संगठन ने विश्वास जताया कि विजेश मेघवाल संगठन को मजबूती देंगे और बाबा साहेब अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाएंगे।

## दिल्ली-मेरठ मार्ग पर अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, 5 घायल

**मुरादनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा पलट गया। हादसे पांच लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे एक ई-रिक्शा सवारी लेकर जलालाबाद की ओर से मुरादनगर जा रहा था।
जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल पहुंचा तो ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। ई रिक्शा पलते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने किसी तरह ई-रिक्शा को सीधा करके सवारियों को बाहर निकाला। सभी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

## बालाजी गौवंश हेल्पलाइन की वार्षिक बैठक संपन्न

**सुरज वर्मा**
शाहपुरा शहर के प्रसिद्ध खानियां के बालाजी मंदिर प्रांगण में बालाजी गौवंश हेल्पलाइन की वार्षिक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में शाहपुरा, भीलवाड़ा, केकड़ी और अजमेर जिले के बालाजी गौवंश हेल्पलाइन टीम के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक में गौवंशों के हितार्थ किए जाने वाले कार्यों के संबंध में चर्चा हुई और गौ सेवा के संबंध में आने वाली समस्याओं के बारे में विचार विमर्श हुआ। कार्यकताओं ने अपने अनुभव साझा किए और गौवंशों की सेवा में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।
बेहतरीन सेवा सम्मान
टीम द्वारा गोसेवा में बेहतरीन योगदान देने वाले गौसेवकों का



दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट करके सममान किया गया।
भोजन प्रसादी का कार्यक्रम
कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सभी उपस्थित कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ मिलकर गौवंशों की सेवा में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शाहपुरा, भीलवाड़ा, केकड़ी व भिनाय मांडलगढ़ आदी टीमों के गो सेवकों ने भाग लिया।

## नानपारा में संपन्न हुई समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**
बहराइच के विधानसभा नानपारा में बंधन गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी की पी डी ए मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव ने किया इस बैठक में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर हर विधानसभा और बूथ स्तरों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को निर्देश दिया जा



रहा है कि वह अपने अपने बूथ पर लोगों को समाजवादी पार्टी के किए गए कार्य को बताए और लोगों को 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करने के लिए भी कहा और जिला अध्यक्ष से जब महंगाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बी जे पी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक बाबा की सरकार रहेगी तब तक लोगों को महंगाई से राहत नहीं मिलेगी और उन्होंने बिजली की समस्या को लेकर सरकार पर निशाना साधा इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रमेश गौतम, तनवीर आलम खान, विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सोनी, मुन्ना राईनी, कृपा राम यादव एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन नसीबुन निशा, जयंकर सिंह, रूपईडीहा नगर अध्यक्ष शब्बीर अहमद, सिराज गुरु, अनीस नेता, रहीस सभासद, शाहिद नेता, सलमान खान, शमीम अंसारी, राज बाबू राईनी, हनीफ राईनी, इमरान मेकरानी, सड्डी सभासद, और अन्य समाजवादी पार्टी के नेता मौजूद रहे
**बाइट राम हर्ष यादव जिला अध्यक्ष बहराइच समाजवादी पार्टी**

## हल्की सी बारिश में गांव बन जाता है तालाब विकास से कोसों दूर है ग्राम पंचायत

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**
**खबर है** बहराइच से विकास खण्ड मिहींपुरवा ग्राम पंचायत गौडारिया तहसील मोती पुर मिहींपुरवा पी डब्लू डी मार्ग बना तालाब जहां पर स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियां रोड बनी तालाब
शासन प्रशासन मुख्यमंत्री के आदेशों क सरेआम कर रहे



उलंघन ग्राम पंचायत गौडारिया में रोड पर जल भराव से ग्रामीण काफी परेशान आनेवाले शावन माह के प्रथम सोमवार को निकलने वाली कांवण यात्रा उसी रास्ते से निकलने वाली है एक तरफ। उत्तर प्रदेश सरकार आदेश दें रही है कि कांवण यात्रा पर भक्तों क स्वागत किया जाए और हर 500 मिटर पर गर्म पानी कि व्यवस्था किया जाए वहीं दूसरी तरफ सरकार के आदेशों पर फेर रहें पानी जिम्मेदार अधिकारी काफी दिनों से रोड बनी तालाब कोई जन प्रतिनिधि नहीं दें रहे ध्यान जिसका कई बार विकास खण्ड मिहींपुरवा में शिकायती पत्र भी ग्रामीणों द्वारा दिया गया लेकिन आज भी ग्रामीण उस तालाब से काफी परेशान यह पुरा मामला विकास खण्ड मिहींपुरवा ग्राम पंचायत गौडारिया तहसील मोती पुर मिहींपुरवा बहराइच क है देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद कोई उपचार किया जायेगा या फिर किसी ठंडा बस्ती में डाल दिया जाएगा



**मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और आभार जताया । इस दौरान पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत जयपुर महानगर के पदाधिकारी एवं सिन्धी समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे ।**

## कांग्रेस ने की सीलमपुर इमारत हादसे में मृतकों के परिजनों के लिए दस लाख रुपये के मुआवजे की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सीलमपुर में इमारत हादसे में मृतकों के परिजनों के लिए दस लाख रुपये और घायलों के लिए दो लाख रुपये मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। देवेंद्र यादव ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली के गरीब लोगों की कोई चिंता नही है, सिर्फ अपने प्रचार-प्रसार में लगी है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को मुस्तफाबाद में चार मंजिला ढहने से 11 लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की संकीर्ण कॉलोनियों में मकान ढ़हने के लिए वर्तमान भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार की लापरवाही और अनदेखी और पिछ्ली आम आदमी पार्टी की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 15 वर्ष पुरानी इमारत अगर तास के पत्तों की तरह ढह जाए उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लैंटर माफिया की शह में पड़ने वाले लैंटर कितने मजबूत है। उन्होंने कहा कि कहा कि हर साल अधिकारी खतरनाक बिल्डिंगों की पहचान करते है, परंतु कुछ नहीं होता है।

## दो अंतरराज्यीय वाहन चोरी गैंग का पर्दाफाश, सात आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने दो अंतरराज्यीय वाहन चोरी गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने कुल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से आठ चोरी की गई गाड़ियों को बरामद किया गया है, जिनमें चार लग्जरी वाहन और चार डिस्मेंटल की गई गाड़ियां शामिल हैं।

साथ ही गाड़ियां खोलने के उपकरण, फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, नंबर प्लेट पंचिंग मशीन और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स भी जब्त की गई हैं। यह कार्रवाई क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज और ईस्टर्न रेंज-द्व की टीमों द्वारा दिल्ली, उप्र, मणिपुर और पश्चिम बंगाल में एक साथ की गई। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार दिल्ली के बिजवासन क्षेत्र में मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज ने वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान मायापुरी निवास डीसीपी के अनुसार 27 जून को बिजवासन टोल प्लाज़ा के पास रोहित को पकड़ा गया। उसके पास से मारुति ईको कार का ढांचा और चेचिस प्लेट बरामद की गई, जोकि थाना अंबेडकर नगर से चोरी हुई थी। पुलिस ने रोहित की निशानदेही पर राजेंद्र उर्फ टीनू को दबोचा।

## कालकाजी इलाके में दो लोगों को लगी गोली, जांच जारी

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के कालकाजी मुख्य बाजार स्थित टी-पॉइंट में फायरिंग की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। रात 11÷15 बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना दी गई कि दो युवकों को गोली लगी है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की पहचान ओखला निवासी देव मलिक (20) और तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी निर्भय भाटी (24) के रूप में हुई है।

दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार पुलिस द्वारा दोनों घायलों के बयान लेने का प्रयास किया गया। लेकिन दोनों ने फिलहाल बयान देने से मना कर दिया और कहा कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद थाने में आकर बयान देंगे व घटना स्थल की पहचान कराएंगे। डीसीपी के अनुसार स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर किसी भी प्रकार की फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई। मौके से कोई खाली कारतूस भी बरामद नहीं हुआ। पीसीआर कॉल में बताए गए स्थान की सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी है।

## टोपी गैंग के दो शातिर चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की ऑपरेशन सेल ने टोपी गैंग के दो शातिर चोर नितिन कुमार और हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित राजपुर कानपुर (उप्र) के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन, दो हजार नकद और अपराध के दौरान पहनी गई दो काली टोपी बरामद की हैं। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि चार जुलाई को साउथ कैंपस में कांता जनरल स्टोर से मोबाइल चोरी की शिकायत पर ई-एफआईआर दर्ज कराई गई थी। स्थानीय पुलिस के अलावा जिले की ऑपरेशन सेल को जांच में लगाया गया। इंस्पेक्टर राम कुमार की देखरेख में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने 120 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों व लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपितों की पहचान कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे अपराध करते समय काली टोपी पहनते थे ताकि उनकी पहचान न हो सके। जांच में पता चला है कि एक व्यक्ति दुकानदार को बातचीत में उलझाता था, जबकि दूसरा सामान चोरी कर लेता था।

# मुख्यमंत्री ने बिजली की तारों को भूमिगत करने की पायलट परियोजना का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा के बीएच (पूर्व) ब्लॉक में बिजली की ऊपरी तारों को भूमिगत करने की पायलट परियोजना का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लगभग तीन महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस कार्य से न केवल दिल्ली की सुंदरता निखरेगी बल्कि नागरिकों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि इस योजना से शालीमार बाग के बीएच ब्लॉक जनता फ्लैट्स में रहने वाले लगभग 5500 परिवार लाभान्वित होंगे। इस परियोजना के तहत 8.07 करोड़ रुपये की लागत से पांच किलोमीटर लंबे एचटी और एलटी ओवरहेड तारों को हटाकर 10 किलोमीटर भूमिगत एलटी (440वी) और 1.2 किलोमीटर एचटी (11केवी) नेटवर्क बिछाया जाएगा। इसके साथ ही 23 नए डबल



सोर्स फीडर पिलर बॉक्स लगाए जाएंगे, जो बिजली आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय बनाएंगे। इस पूरी योजना के कार्यान्वयन के बाद लोगों को हर मौसम में निर्बाध 24×7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह तो केवल एक शुरुआत है। दिल्ली सरकार की योजना है कि इस पायलट परियोजना को दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यह राशि विभिन्न चरणों में दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी इस परियोजना के विस्तार के लिए इस्तेमाल की जाएगी। भूमिगत तारों की व्यवस्था से बिजली आपूर्ति और अधिक विश्वसनीय, सुरक्षित और कुशल बनेगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर÷ विजन की भावना के अनुरूप है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब दिल्ली सिर्फ एक राजधानी नहीं, बल्कि एक स्मार्ट, ऊर्जा-सक्षम और हरित ऊर्जा को अपनाने वाला आधुनिक शहर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने कनिष्का अपार्टमेंट के सी और डी ब्लॉक में 23.48 लाख रुपये की लागत से तैयार की जा रही बाउंड्री वॉल निर्माण परियोजना का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शालीमार बाग क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के प्रत्येक हिस्से में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

## ओडिशा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक्स पोस्ट में कहा, 'आज मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ओडिशा के विकास के लिए उनकी प्रेरणा और अटूट सहयोग के लिए मैं आभारी हूं।

इस अवसर पर ओडिशा के विभिन्न विकास कार्यों, भावी कार्य योजनाओं, केंद्र-राज्य समन्वय और राज्य के समग्र विकास को गति देने पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। समृद्ध ओडिशा, विकसित भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए केंद्र और राज्य मिलकर प्रतिबद्ध हैं।'

# बिहार के 80.11 प्रतिशत मतदाताओं ने जमा कराया गणना प्रपत्र : चुनाव आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार के लगभग सभी मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करने का काम पूरा कर लिया गया है। बिहार के 80.11 प्रतिशत मतदाता पहले ही अपना गणना प्रपत्र जमा कर चुके हैं। आयोग ने बताया कि प्रपत्र ईसीआई नेट में नया सत्यापन मॉड्यूल पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। ईसीआईनेट एक नव-विकसित एकीकृत सॉफ्टवेयर है जिसमें पहले से मौजूद सभी 40 ईसीआई ऐप्स समाहित हो गए हैं। चुनाव आयोग ने जारी की गई जानकारी में बताया कि 77,895 बीएलओ और 20,603 नए नियुक्त बीएलओ के साथ चुनाव आयोग 25 जुलाई 2025 की निर्धारित समय सीमा से पहले ही गणना प्रपत्र एकत्र करने का काम पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस उद्देश्य के लिए सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों और 963




सहायक अधिकारी सहित क्षेत्रीय स्तर की टीमों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आयोग ने बताया कि 100 प्रतिशत मुद्रण कार्य पूरा होने और पते पर पाए गए सभी मतदाताओं को मतदाता सूची वितरण का काम लगभग पूरा हो गया है। शाम 6 बजे तक 6,32,59,497 लोगों को सूची वितरित किया गया है यानि 80.11 प्रतिशत को पार कर गया। यानी बिहार में हर 5 में से 4 मतदाताओं ने मतदाता सूची जमा कर दी है। आयोग ने बताया कि 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए मतदाता अपने पात्रता दस्तावेजों के साथ जमा करा सकता है। यदि किसी मतदाता को पात्रता दस्तावेज जमा करने के लिए अधिक समय चाहिए तो वह उन्हें 30 अगस्त तक यानी दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि तक अलग से जमा कर सकता है। शनिवार शाम 6 बजे तक 4.66 करोड़ गणना फॉर्म डिजिटल रूप में ईसीआईनेट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

## गाड़ी में लगाने की बजाए हाथ में फास्टैग लेकर चलने वालों की अब खैर नहीं, एनएचएआई करेगा ब्लैकलिस्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अब अगर आप टोल से गुजरते वक्त फास्टैग को गाड़ी के शीशे पर चिपकाने की बजाय हाथ में लेकर चलते हैं तो संभल जाइए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने ऐसे 'लूज फास्टैग' वालों पर सख्ती करने का फैसला किया है। दरअसल कुछ वाहन मालिक जानबूझकर फास्टैग को गाड़ी पर नहीं लगाते, ताकि एक ही टैग से कई गाड़ियों का काम चलाया जा सके या सिस्टम को किसी तरह से चकमा दिया जा सके।

एनएचएआई ने अब टोल प्लाजा पर काम कर रही एजेंसियों को यह अधिकार दिया है कि वे ऐसे टैग्स की रिपोर्ट तुरंत कर सकें। इसके लिए एक ई-मेल आईडी भी दी गई है, जहां ये जानकारी भेजी जाएगी। रिपोर्ट मिलते ही एनएचएआई ऐसे टैग्स को ब्लैकलिस्ट या हॉटलिस्ट कर देगा ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके। एनएचएआई के मुताबिक, यह कदम उपयोग बेहद जरूरी है। लूज फास्टैग की वजह से टोल लेन में जाम, गलत कटौती और सिस्टम में गड़बड़ी जैसी दिक्कतें सामने आती हैं, जिससे बाकी यात्रियों को भी परेशानी होती है। एनएचएआई का कहना है कि फास्टैग अब तक 98 फीसदी से ज्यादा वाहनों पर लग गया है।

सत्यमेव जयते

भा रा रा प्रा NHAI

National Highways Authority of India

इसलिए भी ज़रूरी हो गया है क्योंकि देश में अब मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग और वार्षिक पास जैसी नई तकनीकें लागू की जा रही हैं, जिनमें फास्टैग की सही पहचान और निष्पक्ष

# विश्व स्वास्थ्य संगठन के संक्षिप्त विवरण में भारत के आयुष नवाचारों को किया गया शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग का मापन शीर्षक से एक तकनीकी संक्षिप्त विवरण जारी किया है। इसमें पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों विशेष रूप से आयुष प्रणालियों के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एकीकृत करने में भारत के अग्रणी प्रयासों की सराहना की गई है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने एक बयान में कहा कि डब्ल्यूएचओ दस्तावेज़ में भारत की ओर से किए गए कई अग्रणी एआई-संचालित नवाचारों पर प्रकाश डाला गया है। इसमें प्रकृति-आधारित मशीन लर्निंग मॉडल का उपयोग करके पूर्वानुमानित निदान से लेकर आयुर्वेद ज्ञान और आधुनिक जीनोमिक्स को एक साथ लाने वाली परियोजना शामिल है। इस डिजिटल

सत्यमेव जयते

आयुष मंत्रालय

MINISTRY OF

AYUSH

परिवर्तन का मूल आधार आयुष ग्रिड है। यह 2018 में शुरू किया गया एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफ़ॉर्म है जो कई नागरिक-केंद्रित पहलों जैसे कि एसएएचआई पोर्टल, नमस?ते पोर्टल और आयुष अनुसंधान पोर्टल की नींव का काम करता है। ये एआई-सक्षम प्लेटफ़ॉर्म न केवल भारत की पारंपरिक ज्ञान चिकित्सा प्रणालियों को संरक्षित और मान्य कर रहे हैं, बल्कि साक्ष्य-आधारित, डिजिटल स्वास्थ्य सेवा ढांचों के भीतर उनके वैश्विक एकीकरण को भी आगे बढ़ा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह प्रकाशन आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी में एआई-संचालित अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करता है, जिसमें निदान सहायता प्रणालियां भी शामिल हैं जो नाड़ी मापन, जीभ परीक्षण और प्रकृति मूल्यांकन जैसी पारंपरिक विधियों को मशीनों के अनुप्रयोग और गहन तांत्रिका नेटवर्क के साथ एकीकृत करती हैं। ये प्रयास निदान सटीकता को बढ़ा रहे हैं और व्यक्तिगत निवारक देखभाल को सक्षम बना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू औषधि की कार्यप्रणाली की पहचान, आयुर्वेद, पारंपरिक चीनी चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के बीच तुलनात्मक अध्ययन और रस, गुण जैसे पारंपरिक मापदंडों का आकलन करने के लिए कृत्रिम रासायनिक सेंसरों के विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग है।

## केजरीवाल ने वेलकम इलाके में हुए हादसे पर जताया दुख



एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में चार मंजिला इमारत के गिरने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति शोक व्यक्त किया। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में चार मंजिला इमारत गिरने की घटना बेहद दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि गली संकरी होने के कारण राहत और बचाव कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे मौके पर जाकर प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्य में हरसंभव सहयोग करें।

## देशभर में मानसून सक्रिय, कई राज्यों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

जेंसी

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून सक्रिय है और कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। उत्तरी, मध्य और तटीय भारत के कई इलाकों में रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है, वहीं कई जगहों पर जलभराव और बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक बारिश की चेतावनी जारी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है। हालांकि, इससे कई इलाकों में जलभराव की समस्या बढ़ी है। मौसम विभाग के मुताबिक यह स्थिति 13 जुलाई तक बनी रह सकती है। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के लिए हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। गुजरात में 207 जलाशयों में से कई अब तक 54 प्रतिशत तक भर चुके हैं। वहीं, कई स्थानों पर जलभराव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। गोवा में मानसून ने रफ्तार पकड़ी है और अब तक 50 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। छत्तीसगढ़ में लगातार बिजली गिरने की घटनाएं सामने आ



रही हैं, जिनमें कुछ लोगों की मौत हुई है। यहां येलो और ऑरेंज अलर्ट के बीच राहत एवं बचाव कार्य तेज़ कर दिए गए हैं। मध्य प्रदेश में 15 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। राज्य में ग्वालियर, भोपाल, नर्मदापुरम, सागर, रीवा और शहडोल में शनिवार और रविवार को अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। इंदौर और उज्जैन में अच्छी वर्षा का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। राजस्थान में 12 से 15 जुलाई के बीच दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम भागों में भारी से अति भारी बारिश का पूर्वानुमान है। कोटा, उदयपुर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभागों में भारी वर्षा के आसार हैं। राज्य में 1 जून से अब तक औसतन 392.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 70 प्रतिशत अधिक है। छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश के बाद मानसून की रफ्तार धीमी हो गई है। प्रदेश में सिर्फ 12.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई। अगले कुछ दिनों तक दुर्ग, रायपुर और बस्तर में बारिश कम होगी, जबकि बिलासपुर और सरगुजा संभाग में मध्यम से भारी वर्षा का अनुमान है। हरियाणा में भी मानसून का असर दिख रहा है।

## मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, शिवभक्तों की सेवा के दिए निर्देश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में कांवड़ यात्रा को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और कपिल मिश्रा उपस्थित रहे। यहा जानकारी सीएओ दिल्ली के एक्स अकाउंट पर साझा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिवभक्तों की सेवा में कोई कमी न रहे। इस वर्ष 374 पंजीकृत कांवड़ समितियों को सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए 48 घंटे के भीतर अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिविर को 1200 यूनिट मुफ्त बिजली, सरल मीटर कनेक्शन, और सिक्योरिटी डिपॉजिट में 75 फीसद की राहत दी गई है। ट्रैफिक, पुलिस, स्वास्थ्य और सफाई की व्यवस्थाओं को हर स्तर पर पुख्ता बनाया गया है। समितियों को कुल राशि का 50 फीसद आयोजन से पहले और शेष डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सीधे खाते में स्थानांतरित किया जाएगा। हमारे लिए कांवड़ यात्रा जनसेवा का अवसर है। सरकार का प्रयास है कि यह यात्रा श्रद्धा, सुरक्षा और सुशासन के साथ पूरी गरिमा में सम्पन्न हो। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने यहां दिल्ली में रामलीला आयोजनों को लेकर रामलीला संघ के प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

## आईआईटी दिल्ली में अत्याधुनिक एमआरआई रिसर्च सुविधा का शुभारंभ

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए संस्थान के लिए अत्याधुनिक मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) अनुसंधान सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो. बनर्जी ने कहा कि यह सुविधा विज्ञान, इंजीनियरिंग और चिकित्सा के संगम पर अनुसंधान को बढ़ावा देगी और स्वास्थ्य सेवा में प्रभावशाली बदलाव लाने में सहायक होगी। यह एमआरआई रिसर्च सुविधा आईआईटी दिल्ली के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग केंद्र (सीबीएमई) में स्थापित की गई है। आरंभ में इसमें फैंटम आधारित अध्ययन किए जाएंगे और आवश्यक नियामकीय स्वीकृतियों के बाद वॉलंटियर्स पर क्लिनिकल अनुसंधान भी किया जाएगा। इसके साथ ही यह सुविधा मेडिकल इमेजिंग पाठ्यक्रम में नामांकित छात्रों को प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी। यह अनुसंधान केंद्र 1.5 टेस्ला क्लिनिकल-ग्रेड एमआरआई स्कैनर से सुसज्जित है



और भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में पहली ऐसी सुविधा है, जो पूरी तरह से अनुसंधान और शिक्षण को समर्पित है। आमतौर पर अस्पतालों में मौजूद एमआरआई सेटअप की तुलना में यह सुविधा अनुसंधानकर्ताओं को नवाचार के लिए स्वतंत्र वातावरण प्रदान करती है। इसके माध्यम से नई इमेजिंग तकनीक, कॉन्ट्रास्ट एजेंट्स का विकास, इमेजिंग प्रोटोकॉल्स का अनुकूलन, एमआर-अनुकूल उपकरणों का निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से इमेज प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान संभव होगा। इस पहल का नेतृत्व करने वाले बायोमेडिकल इंजीनियरिंग केंद्र के प्रो. अनूप सिंह और प्रो. अमित मेहंदीरत्ता ने कहा कि यह एक ऐसा सपना है जिसकी कल्पना पांच साल पहले की गई थी और आज यह साकार हो सका है। हम मेडिकल इमेजिंग शिक्षण को एक नई दिशा देने पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीन मनोरंजन केंद्रों का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली, ।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी सेक्टर-13 में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्मित तीन मनोरंजन केंद्रों का उद्घाटन किया। ये केंद्र देना अपार्टमेंट, सुनेहरी बाग अपार्टमेंट और केनरा अपार्टमेंट परिसर में स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा परिवारों और समाज को संवारने में लगाया है। अब समय है कि हम उन्हें ऐसी सुविधाएं दें जहां वे गरिमापूर्ण, आनंदमय और सक्रिय जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि इन मनोरंजन केंद्रों में वरिष्ठ नागरिक आपस में संवाद कर सकेंगे। इनडोर खेलों में भाग ले सकेंगे, पठन-पाठन कर सकेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों



में सहभागिता के माध्यम से सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देंगे। इससे न केवल अकेलापन में कमी आएगी, बल्कि उनका मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होगा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि क्षेत्र में और भी ऐसे सामुदायिक केंद्र विकसित किए जाएं। उन्होंने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों एवं स्थानीय समुदायों से आग्रह किया कि वे भी ऐसे सुझाव दें और इस दिशा में पहल करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा और गरिमा को बढ़ाने वाले ऐसे प्रयासों को उनकी ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का दायित्व केवल सरकार का नहीं, बल्कि समाज की भी साझी जिम्मेदारी है और इस भावना को हमें अपनी सामुदायिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

देश का दर्पण
जयपुर, सोमवार
14.07.2025



## केचप से फ्रेश क्रीम तक... घर पर बनाएं मार्केट जैसी ये 5 चीजें, केमिकल का डर खत्म



फ्रेश क्रीम हो या...टमाटर सॉस, ये कुछ ऐसी चीजें हैं जो अमूमन घरों में खाई जाती हैं. लेकिन बाजार में मिलने वाली इन चीजों में केमिकल का खतरा रहता है. तो चलिए आपको इन्हें घर पर बनाने का आसान तरीका बताते हैं.

कल अमूमन लोग बाजार में मिलने वाली चीजों का इस्तेमाल करते हैं. जैसे टमाटर सॉस, मायोनीज, या फिर मक्खन. ये सभी चीजें लोग बाहर से ही खरीद कर लाते हैं. फ्रिज में रखे टमाटर केचप से लेकर मेयोनीज तक ब्रेड पर फैल की जाने वाली बटर और यहां तक कि फ्रेश क्रीम जैसी चीज़ें भी स्वाद तो देती हैं, लेकिन इनमें मौजूद प्रिजरवेटिव्स, आर्टिफिशियल कलर और केमिकल्स सेहत पर असर डाल सकते हैं.

लेकिन ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इन चीजों का खाना छोड़ दिया जाए. तो ऐसा नहीं हैज आप इन चीजों को अपने घर पर भी बड़ी आसानी से बना सकते हैं. जी हां, इस आर्टिकल में हम आपको बाजार में मिलने वाली ऐसी ही 5 चीजों को बनाने का आसान तरीका बता रहे हैं, जो दिखने और स्वाद में बिल्कुल बाजार जैसी होंगी लेकिन इसमें किसी भी तरह के केमिकल का इस्तेमाल नहीं होगा. जो आपकी सेहत को नुकसान भी नहीं पहुंचाएंगी.

**फ्रेश क्रीम बनाने का तरीका**

500 ग्राम दूध लें उसने उबाल लें और फिर 2 चम्मच विनेगर डालें और दूध को धीरे-धीरे हिलाएं. 10 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें. थोड़ी देर बार दूध फट जाएगा. दूध फटने के बाद उसकी पनीर और पानी अलग कर लें. अब निकले हुए पनीर को एक ब्लेंडिंग जार में डालें और उसमें 200 ग्राम दूध एड करें. 50 ग्राम बटर और आधा चम्मच चीनी मिलाकर ब्लेंड कर लें. ब्लेंड करने के बाद इस एक बाउल में निकालें और 30 मिनट के लिए फ्रीज में रख दें. बस तैयार है आपकी मार्केट जैसी फ्रेश क्रीम.

**मायोनीज बनाना भी आसान**

घर पर मार्केट जैसी मायोनीज बनाने के लिए सबसे पहले एक ब्लेंडिंग जार में 100 ग्राम दूध डालें. 15 ग्राम विनेगर, 300 ग्राम ऑयल को तीन बार करके मिलाएं. इन सबको अच्छे से ब्लेंड कर लें. ब्लेंड करने के बाद इसमें 100 ग्राम नमक मिलाएं और फिर से ब्लेंड करें. लीजिए तैयार है आपकी मार्केट जैसे मायोनीज घर पर ही वो भी बिना अंडे वाली.

**टमाटर सॉस ऐसे करें तैयार**

घर पर ही बाजार जैसा टमाटर सॉस बनाने के लिए 1 किलो टमाटर लें और उन्हें हाफ कट कर लें. कटे हुए टमाटर में 15 ग्राम अदरक, 30 ग्राम प्याज 15 ग्राम लहसुन लें और सभी के मिक्सी जार में डालकर पीस लें. अब इस मिक्सचर को 10 मिनट के लिए गैस पर स्लो आंच पर पकने दें. 10 मिनट बाद इसे फुल आंच पर पकाएं. इसके बाद इसमें 60 ग्राम चीनी मिलाएं 2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर एड करें. 1 चम्मच नमक, आधा चम्मच काली मिर्च पाउडर, आधा चम्मच दालचीनी पाउड, 3 चम्मच विनेगर एड करें और फिर 10 मिनट के लिए पकाएं. इसके बाद इसे गैस से उतार लें और छन्नी की मदद से छानकर अलग कर लें. आपका मार्केट जैसा टमाटर सॉस तैयार है.

**मार्शमैलो बनाने का सबसे आसान तरीका**

एक पैन में 300 ग्राम चीनी एड करें और उसमें 600 ग्राम पानी मिलाकर उसे अच्छे से पकाएं. इसके बाद इसमे 10 ग्राम जेलेटिन पाउडर डालें और अपनी पसंद का कोई भी फेलेवर एड करें. अभी आम का सीजन है तो आप इसमें 30 ग्राम आम का पल्प एड करें . इस मिक्सचर को एक बाउल में निकाल लें और उसे इसे फ्लफी होने तक वीस्क कर लें. इसके बाद एक टीन लें और उसमें मिक्सचर को डाल डें और ऊपर से शुगर की आइसिंग करें.

# मज़दूरों की अखिल भारतीय हड़ताल की बड़ी सफलता एक चेतावनी




मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है- कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ - जो इसे आगे ले जायेगी।9 जुलाई को ऐतिहासिक हड़ताल में करोड़ों मेहनतकश लोग सड़कों पर उतर आये। पहले से तय इस हड़ताल को पहलगाम में निर्दोष नागरिक पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के बाद लगभग डेढ़ महीने के लिए स्थगित करना पड़ा था। फिर भी, लोगों पर थोपी गयी मज़दूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ़ प्रतिरोध की भावना अडिग रही।मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तब और बल मिला जब सरकार ने तीन प्रमुख श्रम संहिताओं- औद्योगिक संबंध (आईआर) संहिता; व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां (ओएसएच) संहिता; और सामाजिक सुरक्षा संहिता - को पारित किया। वेतन संहिता, 2019 के साथ, ये चार संहिताएं-44 मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित और प्रतिस्थापित करती हैं। ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं- वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा एवं कल्याण- से संबंधित हैं। संक्षेप में, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ के एजंडे को आगे बढ़ाने के लिए श्रमिक वर्ग के कठिन परिश्रम से प्राप्त अधिकारों को व्यवस्थित रूप से समाप्त किया जा रहा है।9 जुलाई की हड़ताल का उद्देश्य इस हमले का प्रतिरोध करना था। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस हड़ताल को न केवल देश भर के सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों और औद्योगिक महासंघों का समर्थन प्राप्त था, बल्कि सभी प्रकार के श्रमिकों का भी समर्थन प्राप्त था। निर्माण क्षेत्र जैसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से लेकर वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारियों, गिग श्रमिकों और प्रवासी श्रमिकों तक - सभी ने एक स्वर में अपनी आवाज़ उठायी।किसानों के सबसे व्यापक मंच- संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का सक्रिय समर्थन और भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग का समर्थन करने के साथ-साथ, किसान संगठनों ने गहराते कृषि संकट को उजागर किया और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की लंबे समय से लंबित मांग को उठाया। कृषि श्रमिक संघों ने ग्रामीण रोज़गार और मनरेगा योजना के लगातार क्षरण पर गंभीर चिंताएं जतायीं।मज़दूरों, किसानों और खेतिहर मज़दूरों का यह एकजुट होना एक ऐतिहासिक क्षण है - शायद पहली बार इतनी व्यापक एकता उभरी है। यह आजीविका के व्यापक और गहराते संकट को दर्शाता है जिसका सामना देश के अधिकांश मेहनतकश लोग अब कर रहे हैं।

एक तरह से, यह अब केवल आजीविका का संकट नहीं रहा, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई बन गयी है। 9 जुलाई की कार्रवाई की तीव्रता प्रस्तावित श्रम संहिताओं द्वारा उत्पन्न व्यापक खतरे से उपजी थी, जो लगभग सभी नियामक ढांचों को ध्वस्त करके और मज़दूरों के लिए बची-खुची कानूनी सुरक्षा को भी छीनकर कॉर्पोरेट्स को पूरी तरह से खुली छूट देने का संकेत देती हैं। यह बेहद विडंबनापूर्ण है कि सरकार ने इन संहिताओं को मज़दूर-समर्थक पहल के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश की है।सत्ता प्रतिष्ठान की बहादुरी के बावजूद, यह बात तेज़ी से साफ़ होती जा रही है कि सरकार अपने इस पाखंड के बढ़ते सार्वजनिक प्रदर्शन से वाकिफ़ है। काम की स्थितियां इतनी ज़्यादा और इतनी बुरी तरह बिगड़ चुकी हैं कि अब उन्हें नकारा नहीं जा सकता। मेहनतकश जनता की बदतर होती स्थिति के दो प्रमुख कारण हैं- बढ़ती बेरोज़गारी और असमानता में तेज़ वृद्धि।

यहां तक कि 31 जनवरी, 2025 को संसद में पेश किये गये आर्थिक सर्वेक्षण 2024 को भी इस सच्चाई को स्वीकार करना पड़ा। इसमें कहा गया है कि सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में श्रम की हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन कॉर्पोरेट मुनाफ़े में असमान रूप से वृद्धि हुई है - खासकर बड़ी कंपनियों में - जो आय असमानता की बढ़ती खाई को रेखांकित करता है।सरकार ने जहां मज़दूरों और अन्य मेहनतकश तबकों के अधिकारों पर व्यापक हमला किया, वहीं दूसरी ओर उसने कॉर्पोरेट्स को 1.45 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व तोहफ़ा भी दिया, जो शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कुल बजट आवंटन से भी ज़्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) में भयावह सामाजिक स्थितियां स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती हैं, और कुछ अर्थशास्त्रियों ने तो यहां तक कहा है कि आज भारत में असमानता ब्रिटिश शासन के दौरान देखी गयी असमानता से भी अधिक है।इसके विपरीत, कॉर्पोरेट अभिजात वर्ग की संपत्ति में नाटकीय वृद्धि देखी गयी है। 2014 में 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले अरबपतियों की संख्या 100 थी; अब यह आंकड़ा दोगुना होकर 200 हो गया है। शीर्ष 100 अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (10 खरब रुपये से अधिक) को पार कर गयी है। धन का यह अत्यधिक संचय, बहुसंख्यक कामकाजी लोगों की वास्तविक आय में भारी गिरावट के साथ-साथ चला है। यह गहरा अन्याय है, जो हर सांस और पसीने की बूंद में महसूस किया जाता है, जिसकी अभिव्यक्ति 9 जुलाई को हुए जन आंदोलन में हुई।श्रम संहिताएं अनिवार्य रूप से श्रम बाजार लचीलेपन की बहुप्रचारित अवधारणा को संस्थागत रूप देने का काम करती हैं- एक अवधारणा जो पहली बार भाजपा के 2009 के चुनाव घोषणापत्र में सामने आयी थी। हकीकत में, यह क्रूर जब मन हो नौकरी दो और निकाल दो% व्यवस्था के लिए एक व्यंजना से अधिक कुछ नहीं है, जो वर्तमान में न्यूनतम सुरक्षा को भी समाप्त करने में सक्षम है।श्रम के व्यापक ठेकाकरण के कारण, केवल लगभग 4 प्रतिशत कार्यबल ही आउटसोर्सिंग के दायरे और शोषणकारी %स्वेटशॉप% वातावरण से बाहर रह गया है। श्रम संहिताओं का ज़ोर कार्यबल के इस छोटे से हिस्से के भी ट्रेड यूनियन अधिकारों को और कमज़ोर करने पर है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान के अनुरूप है, जिसकी विशिष्ट विशेषता ट्रेड यूनियनों और उनके सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों का विघटन रही है।

सरकार के दावे इतने हास्यास्पद हो गये हैं कि अब वह भारत को दुनिया की चौथी सबसे समान अर्थव्यवस्था घोषित करने के लिए संदिग्ध शोध का हवाला दे रही है, जो एक स्पष्ट रूप से बेतुका दावा है। ऐसा करते हुए, वह आय के आंकड़ों की जगह व्यय के आंकड़ों को पेश कर रही है, जो जितना विचित्र है उतना ही बेईमान भी है।

9 जुलाई को मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है- कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ - जो इसे आगे ले जायेगी।

संपादकीय

# आत्मीय अहसासों का कत्ल

गुरुवार को हरियाणा से आई दो निर्मम हत्याओं की घटनाओं ने हर किसी संवेदनशील इंसान को झकझोरा है। गुरुपूर्णिमा के दिन दो शिष्यों ने नारनौंद में एक गुरु को चाकुओं से गोद दिया। वहीं गुरुग्राम में किसी बात पर आगबबूला पिता ने नाजों से पाली बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। यूं तो ये घटनाएं करोड़ों लोगों में उंगली पर गिनी जानी वाली हैं, लेकिन इन घटनाओं में रिश्तों और आत्मीय अहसासों का कत्ल हुआ, इसलिये हर कोई विचलित हुआ। इन हृदयविदारक घटनाओं ने हर किसी को उद्वेलित किया कि आखिर हम कैसा समाज रच रहे हैं?

क्यों हम जरा-जरा सी बात पर अपनों व समाज में अब तक आदरणीय स्थान रखने वाले के खिलाफ ऐसी क्रूरता दिखाने लगे हैं। यूं तो हर रोज समाचारों में ऐसी खबरें तैरती रहती हैं, जिसमें हम विश्वास व रिश्तों का कत्ल होते देखते हैं। राह चलते मामूली विवाद में हत्याएं हो जाती हैं। सड़क पर एक कार का दूसरी से स्पर्श हो जाए या पार्किंग विवाद हो, लोग जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। लेकिन हरियाणा की दोनों घटनाएं अलग किस्म की हैं। अक्सर हम नई पीढ़ी के आक्रामक व्यवहार की बात करते हैं लेकिन गुरुग्राम में तो पिता ने अपनी पुत्री की हत्या कर दी। कतिपय समाचारपत्रों में गुरुग्राम में राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी की हत्या की वजह उसके रील बनाने का जुनून बताया गया, तो दूसरे पत्रों में बेटी द्वारा टेनिस अकादमी खोलने से पिता का नाराज होना। लेकिन ठंडे दिमाग से सोचें तो ये कोई ऐसी वजह नजर नहीं है कि पिता अपने ही जिगर के टुकड़े को गोली मार दे। जाहिर है विवाद व टकराव की लंबी पृष्ठभूमि होगी। नए दौर के बच्चे अति आत्मविश्वास से भरे हैं। उनमें उत्साह है, उमंग है तो बहुत कुछ करने का जज्बा भी है। उनके सपने बड़े हैं तो सोचने-समझने के तौर-तरीके भी जुदा हैं।

वहीं पुरानी पीढ़ी के संघर्ष से व सीमित संसाधनों में पले-पढ़े लोग नई व अपने से पहले की पीढ़ी के बीच तेजी से बदलते परिवेश से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास की तीव्र गति के बीच हमारे जीवन में बहुत कुछ तेजी से बदला है। पुरानी पीढ़ी इस संक्रमणकाल से सामंजस्य स्थापित करने में सहज महसूस नहीं कर पा रही है। नई पीढ़ी की स्वच्छंदता और अपने बड़े फैसले खुद लेने की प्रवृत्ति पुरानी पीढ़ी को रास नहीं आ रही है। जिसका प्रतिकार वे हिंसक तरीके से करने लगे हैं। वहीं नारनौंद की घटना हमें आक्रामक होते किशोरों की हकीकत पर विचार करने को बाध्य करती है।

दो छात्रों ने प्रिंसिपल की हत्या किस वजह से की, उसकी हकीकत की असली तस्वीर जांच के बाद ही सामने आएगी, लेकिन बात कोई भी हो किसी छात्र द्वारा गुरु की हत्या करने की वजह नहीं हो सकती। कहा जा रहा है कि प्रिंसिपल सख्त और बेहद अनुशासनप्रिय थे। लेकिन ये वजह किसी शिक्षक की हत्या को तार्किकता नहीं दे सकती। हत्या छात्र की हो या शिक्षक की, दोनों ही घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक दौर था कि अभिभावक खुद ही शिक्षक से कहा करते थे कि उनके पाल्य को कड़े अनुशासन में शिक्षा दीजिए। तब शिक्षक भी सख्ती करने से पीछे नहीं हटते थे। पढ़ाई ठीक से न करने और अनुशासन तोड़ने पर छात्रों की पिटाई आम बात हुआ करती थी। इस पर अभिभावक भी कोई बड़ी प्रतिक्रिया नहीं देते थे। लेकिन लगता है कि नई पीढ़ी के विद्यार्थी किसी भी सख्ती को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं।

दरअसल, हमारे समाज में जिस आक्रामकता का विस्तार हुआ है, वह अब नई पीढ़ी के बच्चों में नजर आने लगी है। उनके अहम को जल्दी ठेस लग जाती है। वे कक्षा में किसी तरह की सख्ती, उलाहना और नसीहत सहने को तैयार नहीं हैं। इस पर जरा-सी ठेस लगने पर वे आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर कई स्कूलों में छोटी-छोटी बात से ठेस लगने पर छात्रों की आत्महत्या की खबरें आती हैं। हमारे समाज विज्ञानियों को भी इन घटनाओं के आलोक में बदलते परिवेश में किशोरों की आक्रामकता के कारणों का मंथन करना होगा।

# बाढ़ क्यों स्थायी समस्या बन गई है

## पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी,नदी-नाले होते थे, लम्बे- लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था।

पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी,नदी-नाले होते थे, लम्बे- लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगह किसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। नदी-नाले, ताल–तलैया सभी उफान पर हैं। चारों तरफ पानी ही पानी है। नदियों में बाढ़ से नुकसान की खबरें आ रही हैं। लेकिन यह हर साल की समस्या है, बाढ़ अब मौसमी नहीं, स्थायी समस्या बन गई है, बल्कि लगातार बढ़ रही है। हर साल वही कहानी दोहराई जाती है। आज इस कॉलम में इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे बाढ़ की समस्या को समझा जा सके।नदियों में पहले भी बाढ़ आती थी। बारिश पूरे चार महीने होती थी। झड़ी लगी रहती थी। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल होता था। अब बारिश के दिन कम हो गए हैं। कुछ ही समय में बारिश ज्यादा हो जाती है। पहले जब बाढ़ आती थी, तब वह इतने व्यापक पर कहर नहीं ढाती थी। इसके लिए गांव वाले तैयार रहते थे। बल्कि इसका उन्हें इंतजार रहता था।खेतों को बाढ़ के साथ आई नई मिट्टी लाती थी, भरपूर पानी लाती थी जिससे प्यासे खेत तर हो जाते थे। पीने के लिए पानी मिल जाता था, भूजल ऊपर आ जाता था, नदी नाले, ताल-तलैया भर जाते थे। समृद्धि आती थी। बाढ़ आती थी, मेहमान की तरह जल्दी ही चली जाती थी।लेकिन अब वनों की और पेड़ों की कटाई हो गई है। भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समोने वाले जंगल कम हो गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिए काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं। स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। लेकिन पेड़ नहीं रहेंगे तो बहुत गति से पानी नदियों में आएगा और बरबादी करेगा। और यही हो रहा है।पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी,नदी-नाले होते थे, लम्बे- लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के



अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगह किसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।बढ़ता शहरीकरण और कांक्रीट से कांक्रीट निर्माण भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। बहुमंजिला इमारतें, सड़कों राजमार्गों का जाल बन गया है। नदियों का प्राकृतिक प्रवाह अवरूद्ध हो गए हैं। जहां पानी निकलने का रास्ता नहीं रहता है, वहां दलदलीकरण की समस्या हो जाती है। इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि कई बीमारियां भी फैलती हैं। जो तटबंध बने हैं, वे टूट-फूट जाते हैं जिससे लोगों को बाढ़ से बाहर निकलने का समय भी नहीं मिलता। इससे जान-माल की हानि होती रहती है।शहरों व कस्बों की नदियों के आसपास अतिक्रमण हो रहा है, उस पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जब से जमीनों के दाम बढ़े हैं तब से यह सिलसिला बढ़ रहा है। इसी प्रकार वेटलैंड ( जलभूमि) की जमीन पर भी कम हो गई है। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। पक्षी व जल जीवों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है। सब जगह पक्के कांक्रीट के मकान और सड़कें हैं। जैसे कुछ बरस पहले मुंबई की बाढ़ का किस्सा सामने आया था। वहां की नदी ही गायब हो गई, और जब पानी आया तो शहर जलमग्न हो गया। ऐसी हालत ज्यादातर शहरों की हो जाती है। शहरों की नदियां या तो गटर में तब्दील हो गई हैं, या फिर गायब ही हो गई हैं। शहर अपनी सारी गंदगी इन्हीं नदियों में डाल देता है।लेकिन बाढ़ के कारण और भी हैं। जैसे नदियों में रेत कम होना। रेत भी पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखती है। अगर रेत ही नहीं रहेगी तो पानी कहां रहेगा। इसके अलावा नदियों के किनारे तट लंबे-चौड़े होते थे, जिससे पानी फैल जाता था। उसके आसपास नालों में पानी चला जाता था, जिससे पानी का वेग कम हो जाता था। पानी को ठहरने की जगह मिल जाती थी और नदियों का प्रवाह कम होने से बाढ़ से नुकसान भी कम होता था।कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती हैं। नदियां बांध दी जाती हैं। निचले हिस्से में लोग समझते हैं, नदी ही नहीं तो वे उसकी जमीन पर खेती करने लगते हैं या कोई और उपयोग, तो जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इससे बाढ़ से बरबादी होती है।

इसके अलावा, कई बार बांधों से पानी छोड़ने के कारण भी बाढ़ की समस्या बढ़ जाती है। क्योंकि एकदम से पानी छोड़ने से नदियां उफान पर आ जाती हैं, और बाढ़ आ जाती है। जिन बांधों को कभी बाढ़ नियंत्रण का समाधान बताया जाता था, अब उनके कारण ही कई बार बाढ़ आ जाती है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं।मौसम बदलाव भी एक कारण है। पहले सावन भादो के महीने में लम्बे समय तक झड़ी लगी रहती थी। कभी-कभी हफ्ते भर बारिश होती थी। सूर्य के दर्शन भी नहीं होते थे। लोग घरों से निकल नहीं पाते थे। घरों में ही रहकर रस्सी बनाने जैसे छोटे-मोटे काम करते थे।इस तरह, लगातार बारिश का पानी फसलों के लिए और भूजल पुर्नभरण के लिए बहुत उपयोगी होता था। फसलें भी अच्छी होती थी और धरती का पेट भी भरता था। पर अब अब बड़ी-बड़ी बूंदों वाला पानी बरसता है, जिससे कुछ ही समय में बाढ़ आ जाती है। वर्षा के दिन भी कम हो गए हैं।पहाड़ी नदियों में बाढ़ थोड़ी ही बारिश से आ जाती है। क्योंकि ऊपर पहाड़ यानी चट्टानें होती हैं, जिनमें पानी सरपट दौड़ता है। उसे रूकने व ठहरने का कोई स्थान नहीं मिलता। इससे कई बार जो मछुआरे समुदाय तरबूज-खरबूज की खेती करते हैं। उनकी वह फसल पानी में बह जाती है। इससे उन्हें बहुत नुकसान होता है।मछुआरों का यह नुकसान इसलिए भी बड़ा होता है, क्योंकि यह मछुआरे समुदाय ज्यादातर भूमिहीन होते हैं, और इस फसल पर उनकी निर्भरता ज्यादा होती है। अगर बाढ़ में यह फसल बह जाती है, तो उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।कुल मिलाकर, पानी के परंपरागत ढांचों की भी भारी उपेक्षा हुई है। ताल, तलैया, तालाब, कुएं खेतों में मेड़ बंधान आदि से भी पानी रूकता है। लेकिन इन सबकी उपेक्षा हो रही है। आज कल इन पर ध्यान न देकर भूजल के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमारी बरसों पुरानी परंपराओं में ही आज की बाढ़ जैसी समस्या के समाधान के सूत्र छिपे हैं। अगर ऐसे समन्वित विकल्पों पर काम किया जाए तो न केवल बाढ़ जैसी बड़ी समस्या से निजात पा सकते हैं। बल्कि पर्यावरण और जैव-विविधता और बारिश के पानी का संरक्षण कर सकेंगे। नदियों को भी बचा सकते हैं, और धरती का पुनर्भरण भी कर सकते हैं। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

## रेमंड मानव संसाधन व्यवहार में एआई, स्वचालन का कर रहा इस्तेमाल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** रेमंड समूह ने आधुनिक युग के लिए कौशल को पुनर्परिभाषित करने के लिए व्यापक कवायद शुरू की है और अपनी उत्पादकता एवं दक्षता में सुधार के लिए स्वचालन का उपयोग कर रहा है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला समूह भविष्य के लिए तैयार एक समर्पित एवं कुशल प्रतिभावान कार्यबल तैयार करने के प्रयास में मानव संसाधन गतिविधियों में कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन का लाभ उठा रहा है। रेमंड के मानव संसाधन अध्यक्ष के. ए. नारायण ने से कहा, '' हम एक अत्यंत शक्तिशाली मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया में हैं जिसमें एआई को अपनाने की क्षमता है। हालांकि, हम संगठन के मानव-केंद्रित सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' उन्होंने कहा, ''व्यापक प्रशिक्षण के माध्यम से हम एआई के युग में सहानुभूति और भावनात्मक बुद्धिमत्ता के साथ काम करने के लिए लोगों के प्रबंधकों को संवेदनशील बनाएंगे।'' रेमंड एक विविधतापूर्ण समूह है, जिसका अधिकतर व्यवसाय कपड़ा एवं परिधान क्षेत्र में है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उपभोक्ता देखभाल, रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उपस्थिति है।

## जीएसटी खुफिया शाखा ने फर्जी चालान जारी करने वाली छह फर्जी कंपनियों का पता लगाया

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़ी खुफिया शाखा डीजीजीआई ने राष्ट्रीय राजधानी में कम-से-कम छह परिसरों की तलाशी लेने के साथ 266 करोड़ रुपये के फर्जी चालान और फर्जी कंपनियों से 48 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) भुनाने का खुलासा किया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने इस मामले की जांच शुरू की थी। जांच से पता चला कि किसी व्यावसायिक गतिविधि के बगैर चार कंपनियों ने करोड़ों रुपये मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की प्राप्ति दिखाई है। बयान के मुताबिक, डीजीजीआई की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने दिल्ली में छह से ज्यादा परिसरों में तलाशी ली और 266 करोड़ रुपये से ज्यादा के फर्जी चालान बरामद किए। इनमें फर्जी कंपनियों से 48 करोड़ रुपये का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) हासिल करना और उसे आगे बढ़ाना शामिल था।

## निप्पॉनप्लाई विस्तार, ई-कॉमर्स, निर्यात प्रोत्साहन पर 250 करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** गुजरात की निप्पोनप्लाई इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह निर्यात के लिए उत्पादन बढ़ाने, ई-कॉमर्स बुनियादी ढांचे के विकास और भंडारण एवं डिजाइन केंद्र स्थापित करने के लिए अगले तीन वर्ष में 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वर्तमान में कंपनी पैनल और फर्नीचर विनिर्माण विस्तार में 65 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। निप्पोनप्लाई इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक केतन ठक्कर ने कहा, '' हमारे भविष्य की रूपरेखा में निर्यात-अनुरूप उत्पादन, ई-कॉमर्स बुनियादी ढांचे, गोदाम तथा डिजाइन केंद्रों और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के लिए अगले तीन वर्ष में 250 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।'' उन्होंने कहा कि फर्नीचर क्षेत्र में भारत और यूरोप सहित अन्य देशों में काफी संभावनाएं हैं। कंपनी के पास परिचालन, डिजाइन, सतह परिष्करण, लॉजिस्टिक और विपणन में 100 से अधिक पेशेवरों का दल है।

## टेस्ला की भारतीय बाजार में दस्तक, अगले सप्ताह मुंबई में खोलेगी स्टोर

**नई दिल्ली।** दुनिया की दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला अगले हफ्ते मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोलेगी। कंपनी इसके उद्घाटन के साथ भारतीय बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाली इस कंपनी ने 15 जुलाई को होने वाले उद्घाटन समारोह को 'भारत में टेस्ला की शुरुआत' के रूप में पेश करते हुए चुनिंदा आमंत्रण भेजे हैं। इस बारे में फिलहाल टेस्ला से टिप्पणी नहीं मिल पायी है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, ऑस्टिन स्थित कंपनी ने अपने चीन स्थित संयंत्र से कारों की पहली खेप 'मॉडल वाई' रियर-व्हील ड्राइव एसयूवी पहले ही बाजार में उतार दी है। टेस्ला इंडिया ने पिछले महीने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक पार्क में 24,565 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र को पांच साल की अवधि के लिए पट्टे पर लिया था। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी भारत में कारों के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती, बल्कि देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर टेस्ला भारत के शुल्क से बचने के लिए भारत में कारखाना लगाती है, तो यह अमेरिका के लिए 'अनुचित' होगा। टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने पिछले साल अप्रैल में कहा था कि कंपनी के भारी दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हुई है।

# सीतारमण की मेघालय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, किसानों से मुलाकात

**एजेंसी**
**लैट्किन्सेव।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के लैट्किन्सेव गांव का दौरा किया और महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), लखपति दीदियों तथा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से बातचीत की। मेघालय की राजधानी शिलांग से लगभग 51 किलोमीटर दूर लैट्किन्सेव गांव अपने जीवित जड़ पुलों के लिए जाना जाता है। लगभग 53 फीट लंबा और सौ साल से भी ज़्यादा पुराना यह उम्नोई जड़ पुल, जिसे स्थानीय रूप से 'जिंगकिएंग देइंगजरी' के नाम से जाना जाता है, दुनिया भर से हज़ारों पर्यटकों के हर साल इस गांव में आने का मुख्य कारण है। लैट्किन्सेव गांव में कदम रखने वाली पहली केंद्रीय मंत्री श्रीमती सीतारमण ने राज्य भर में केंद्रीय और राज्य योजनाओं को लागू करने में मेघालय सरकार के समर्पित प्रयासों की गहरी सराहना की। उन्होंने



'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को साकार करने के लिए समावेशी विकास और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के महत्व पर ज़ोर दिया। वित्त मंत्री के दौरे के दौरान मेघालय की कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री डॉ. माज़ेल अम्पारीन लिंगदोह भी मौजूद थीं। राज्य सरकार के गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देते हुए वित्त मंत्री ने कहा ÷ वह केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की योजनाओं को इस खूबसूरत राज्य के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की गहरी यादें लेकर जा रही हैं। री-भोई जिले की अपनी यात्रा और शिलांग में अपने कार्यक्रमों पर विचार करते हुए श्रीमती सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे मेघालय की विकास यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण की भावना को दर्शाती है। वित्त मंत्री ने कहा अगर हम सचमुच सबका विकास में विश्वास करते हैं, तो विकास सभी तक पहुंचना चाहिए - पुरुष और महिला, गांव और शहर, युवा और बुजुर्ग, अमीर और गरीब, सभी तक। समावेशी विकास प्रत्येक नागरिक को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने और सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाना चाहिए। स्वास्थ्य क्षेत्र में हुई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना करते हुए विशेष रूप से मेघालय में मातृ मृत्यु दर में गिरावट को जमीनी स्तर पर बदलाव का एक मजबूत संकेतक बताते हुए श्रीमती सीतारमण ने इस बदलाव को लाने में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर ज़ोर दिया।

## मिज़ोरम में असम राइफल्स का अभियान, 112.40 करोड़ रुपये की मेथामफेटामिन बरामद

**एजेंसी**
**आइजोल।** मिज़ोरम के भारत-म्यांमार सीमा से लगे चंफाई ज़िले में असम राइफल्स द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान में 112.40 करोड़ रुपये मूल्य की मेथामफेटामिन टैबलेट्स की बड़ी खेप जब्त की गई है। असम राइफल्स के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि यह




कार्रवाई ज़ोखावथार गांव के पास की गई। शाम के समय गश्ती पर निकली टीम ने देखा कि दो व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास भारी रकसैक (बैग) लेकर जा रहे हैं। उन्हें रोका गया और जब बैग की तलाशी गयी, तो उसमें से 3.33 लाख मेथामफेटामिन टैबलेट्स बरामद की गईं। बयान में आगे बताया गया कि तस्कर तियाउ नदी के रास्ते म्यांमार की ओर भाग निकले। बरामद मादक पदार्थों को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए ज़ोखावथार पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# दिल्ली बाजार में दाल, तेल में नरमी, चावल मजबूत

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** स्थानीय जिंस बाजार में साप्ताहिक कारोबार के अंतिम दिन दालों और तेलों में कुल मिला कर गिरावट का रुख देखा गया। मलेशिया में पाम ऑयल वायदा में पिछले कुछ दिनों की लगातार तेजी के बाद अब प्रतिरोध की रिपोर्ट आ रही रही हैं। जबकि अमेरिका में तेल सोया में तेजी बनी हुई थी। बावजूद इसके स्थानीय खाद्य तेल बाजार में तेल मूंगफली , वनस्पति और सरसों तेल में तेज गिरावट दिखी। मूंगफली तेल में मांग के समर्थन के अभाव और अच्छे स्टॉक की स्थिति के बीच प्रति क्विंटल 238 रुपये तक की गिरावट दर्ज की गयी जबकि तेल सरसों 48 और वनस्पति 81 रुपये नीचे आ गया । तेल सोया, सूरजमुखी और पाम आयल में भी हल्की से औसत दर्जे की गिरावट रही। स्टॉक और मांग के अंतर के बीच चावल में तेजी दिखी। इसके बोला गया। उड़द और मसूर दाल में क्रमशः 71 और 34 रुपये की गिरावट दर्ज की गयी।दाल मूंग के



विपरीत गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दिखी। आज दालों में भी उठाव कम होने से गिरावट का रुख देखा गया। दलहन बाजार में चना 44 रुपये टूट गया जबकि तुअर दाल का भाव 69 रुपये तक गिर कर भाव हल्की तीन रुपये की तेजी के साथ करीब करीब पिछले स्तर पर रहे।

गुड़-चीनीः बाजार में गुड़ के औसत भाव में औसतन 10 रुपये की तेजी दर्ज की गयी।

## टीसीएस को पहली तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,760 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज भारतीय कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में समेकित 12,760 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया जो सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ 12,040 करोड़ रुपये था। कंपनी का यह प्रदर्शन बाजार के अनुमानों से बेहतर बताया जा रहा है। तिमाही दर तिमाही आधार पर कंपनी के शुद्ध लाभ में ये वृद्धि 4.4 प्रतिशत है। कंपनी द्वारा स्थानीय शेयर बाजारों के बंद होने के बाद पहली तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए गए। बीती अप्रैल-जून की तिमाही में कंपनी का परिचालन से प्राप्त राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 63,437 करोड़ रुपये रहा पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 62,613 करोड़ रुपये था। पहली तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 4,65,620 करोड़ रुपये रहा। टीसीएस ने जून तिमाही के दौरान 9.4 अरब डॉलर के अनुबंध हासिल किए, जो पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में दर्ज किए गए 12.2 अरब डॉलर के अनुबंध की तुलना में कम हैं। कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में क्रमिक और साल-दर-साल, दोनों आधार पर वृद्धि देखी गई है। आलोच्य तिमाही में प्रति शेयर लाभ 35.3 रुपये रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 33.3 रुपये था।

# 'सेमीकॉन इंडिया 2025' सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2-4 सितंबर तक राजधानी के यशोभूमि में

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र की भारत की प्रतिष्ठित प्रदर्शनी 'सेमीकॉन इंडिया 2025 और इससे जुड़े सम्मेलन के चौथे संस्करण का आयोजन राजधानी के यशोभूमि में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) और सेमी द्वारा संयुक्त रूप से दो से चार सितंबर आयोजित किया जा रहा है इस प्रदर्शनी और सम्मेलन का मुख्य विषय है- 'अगले सेमीकंडक्टर पॉवर हाउस का निर्माण।' सेमीकॉन इंडिया 2025 में 18 देशों और इन क्षेत्रों की 300 से ज्यादा कंपनियां भाग लेंगी, जो सामग्री और उपकरणों से लेकर सिलिकॉन, डिज़ाइन और सिस्टम तक, संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स मूल्य श्रृंखला का प्रदर्शन करेंगी। भागीदारी का दायरा और विविधता वैश्विक सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में भारत के बढ़ते एकीकरण का संकेत




देती है। इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह आयोजन माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में भारत की बढ़ती क्षमताओं और महत्वाकांक्षाओं को प्रदर्शित करेगा। मंत्रालय ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर डिजिटल क्षेत्र के घटनाक्रमों की चुनौतियों का सामना करने के लिए सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत बनाने और अगली पीढ़ी की तकनीकों को अपनाने के प्रयासों के साथ कदम बढ़ाते हुए भारत वैश्विक चिप इकोसिस्टम में एक प्रमुख के रूप में तेज़ी से उभर रहा है।इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के आईएसएम के तत्वावधान में आयोजित, सेमीकॉन इंडिया , नीति, उद्योग, शिक्षा और निवेश समुदायों में वैश्विक और घरेलू हितधारकों को एकजुट करने के लिए एक उच्च प्रभाव वाले मंच के रूप में कार्य करेगा। प्रदर्शनी में जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और मलेशिया से चार अंतर्राष्ट्रीय मंडप शामिल होंगे, जबकि पिछले संस्करणों में कोई भी मंडप नहीं था। इसके अलावा, पहली बार आठ देशों के गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किये जा रहे हैं, जो भारत और प्रमुख साझेदार देशों की कंपनियों को द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लायेंगे।

## ईडी ने गुरुग्राम स्थित रामप्रस्थ समूह की 681.54 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के गुरुग्राम स्थित रियल एस्टेट कंपनी रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीडीपीएल) और इसकी समूह की कंपनियों की लगभग 681.54 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी को अस्थायी रूप से जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी की गुरुग्राम जोनल कार्यालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने जारी बयान में बताया कि गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने विभिन्न परियोजनाओं में कई घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के एक मामले में धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मेसर्स रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीडीपीएल) और उसकी समूह कंपनियों की 681.54 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त की है। ईडी के मुताबिक कुर्क की गई संपत्तियों में रामप्रस्थ सिटी की 226 एकड़ की दो प्लॉटिड कॉलोनियां और गुरुग्राम, हरियाणा में और उसके आसपास स्थित लगभग 1700 एकड़ के भूखंड शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक अटैच की गई संपत्तियों में गुरुग्राम के सेक्टर 37डी, 92 और 95 में फैली करीब दो कॉलोनियां और गांव बसई, गदौली कलां, हयातपुर और वाजीरपुर में मौजूद जमीन शामिल है। कंपनी पर आरोप है कि उसने गुरुग्राम में चल रहे कई प्रोजेक्ट्स में हजारों घर खरीदारों से ठगी की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने यह जांच दिल्ली और हरियाणा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर शुरू की। एजेंसी के मुताबिक शिकायतें थीं कि मेसर्स रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटर अरविंद वालिया, बलवंत चौधरी सिंह और संदीप यादव ने लोगों से पैसे तो ले लिए लेकिन सालों बाद भी न तो फ्लैट दिए और न ही प्लॉट्स।

# डालर के मुकाबले रुपये में 27 पैसे की तेज गिरावट

**एजेंसी**
**मुंबई।** वैश्विक व्यापार परिदृश्य को लेकर व्याप्त अनिश्चितताओं और स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के समक्ष रुपया करीब 27 पैसे नीचे आ गया। अमेरिका में कनाडा के सामानों पर 35 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने और ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत का दंडात्मक प्रशुल्क लगाने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणाओं से व्यापार को लेकर अनिश्चिततायें बढ़ गयी हैं। इस बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला आज तीसरे दिन भी बना रहा। इस बीच, प्रमुख विदेशी मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर में लगातार तेजी बनी हुई है। डॉलर भारतीय रुपये के खिलाफ मजबूत होकर 85.8536 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कल बंद के समय डॉलर का भाव 85.5780




था। भारतीय मुद्रा के साथ अन्य प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दर इस प्रकार रहीः पौंड (ब्रिटेन) 116.2853 रुपये, यूरो 100.2850 रुपये और जापानी येन (प्रति सैकड़ा) 58.45 रुपये। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा कि पूँजी बाजार में कमजोरी के साथ-साथ सोने और चाँदी की ऊँची कीमतों और कमजोर वैश्विक संकेतों ने रुपये के प्रति बाजार की धारणा को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ब्राज़ील और कनाडा के माल पर अमेरिका में ऊंची दर से प्रशुल्क लगाने से अनिश्चितता बढ़ गयी है और जब तक कोई रचनात्मक व्यापार वार्ता नहीं होती, बाजार में सतर्कता रहेगी। उन्होंने कहा कि डॉलर सूचकांक के 96.50 से बढ़कर 97.75 होने से भी भारत जैसे उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ा है। उनकी राय में रुपया आने वाले दिनों में 85.25 से 86.20 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रह सकता है। इस बीच, स्थानीय सराफा बाजार में सोने की कीमतें में तेजी बनी रही और पीली धातु 700 की बढ़त के साथ 97,375 प्रति 10 ग्राम पर मजबूत रही। अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ताओं को लेकर अनिश्चितता बने रहने से सोने का समर्थन मिल रहा है। विश्लेषकों के अनुसार स्थानीय बाजार में सोने को इस समय 95,000-95,500 के दायरे में बाजार का अच्छा समर्थन है लेकिन 99,500 के आसपास प्रतिरोध देखा जा रहा है।

## एंथम बायोसाइंसेज का आईपीओ सोमवार को खुलेगा

**एजेंसी**
**अहमदाबाद।** एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 14 जुलाई सोमवार को खुलेगा। कंपनी की ओर से गुरुवार को यहां जारी बयान के अनुसार एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड दो रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का आईपीओ सोमवार, 14 जुलाई को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तारीख 16 जुलाई है। प्रस्ताव का मूल्य बैंड 540 रुपये प्रति इक्विटी शेयर से 570 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 26 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 26 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव में विक्रय शेयरधारकों द्वारा 3395 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है, जिसमें गणेश संबसीवम द्वारा 350 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर के. रविंद्र चंद्रप्पा द्वारा 350 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर विरिडिटी टोन एलएलपी द्वारा 1325 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर, पोर्ट्समाउथ टेक्नोलॉजीज एलएलसी, मलय जे. बरुआ, रूपेश एन. किनेकर और सतीश शर्मा प्रत्येक द्वारा 320 करोड़ रूपये तक के इक्विटी शेयर; प्रकाश करियाबेतन द्वारा 80 करोड़ रूपये तक के इक्विटी शेयर और के. रामकृष्णन द्वारा 10 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए दो रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का 8.25 करोड़ रूपये तक का आरक्षण शामिल है। कर्मचारी आरक्षण भाग को छोड़कर, इस प्रस्ताव को 'नेट ऑफर' कहा जाएगा। कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 50 रुपये की छूट की पेशकश की जा रही है।

## उत्तराखंड के चंपावत में नेपाल सीमा पर 10.23 करोड़ की एमडीएमए ड्रग्स जब्त

**चंपावत।** उत्तराखंड की चंपावत पुलिस ने नेपाल सीमा के शारदा नहर क्षेत्र में 5.688 किलोग्राम एमडीएमए ड्रग्स, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10.23 करोड़ रुपये है, बरामद की। एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका पति और साथी फरार हो गए। पुलिस अधिक्षक (एसपी) अजय गणपति ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह गैंग पिथौरागढ़ जिले के थल क्षेत्र में एक लैब चला रहा था, जहां यह ड्रग्स तैयार की जाती थी। पिथौरागढ़ पुलिस ने पहले ही उस लैब को सील कर वहां से उपकरण जब्त कर लिए हैं। जांच में नेपाल और नाइजीरिया जैसे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से इनके संबंधों की भी जांच की जा रही है। यह ड्रग्स महाराष्ट्र, दिल्ली व अन्य बड़े महानगरों के क्लबों और हाई प्रोफाइल पार्टियों में सप्लाई की जानी थी। इसके प्रयोग में युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, खासतौर पर मेट्रो शहरों में इसकी भारी डिमांड है। गिरफ्तार महिला की पहचान इशा, पत्नी राहुल कुमार, निवासी पंपापुर, बनबसा के रूप में हुई है। चेकिंग के दौरान महिला को नहर की ओर जाते देखा गया, जिसके पास से एक बैग में भारी मात्रा में एमडीएम मिला। महिला के फरार पति राहुल कुमार और उसके साथी कुणाल कोहली की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में चंपावत पुलिस की ओर से चार करोड़ रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ बरामद किए गए थे।

# प्रिया नायर बनीं HUL की पहली महिला सीईओ, संभालेंगी 60 हजार करोड़ से अधिक का कारोबार

**एजेंसी**
**मुंबई।** हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने एक ऐतिहासिक फैसले में प्रिया नायर को अपना नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। यह पदभार वह 1 अगस्त, 2025 से संभालेंगी। इस नियुक्ति के साथ, प्रिया नायर HUL के 92 साल के इतिहास में पहली महिला सीईओ बन गई हैं, जो लगभग 60 हजार करोड़ से अधिक के सालाना कारोबार वाली कंपनी का नेतृत्व करेंगी। इस खबर के बाद HUL के शेयरों में 5 प्रतिशत तक का उछाल देखा गया, जिससे शेयर की कीमत 2529.85 पर पहुँच गई।

प्रिया नायर ने 1995 में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड में एक मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में अपना सफर शुरू किया था। सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, पुणे से एमबीए करने वाली नायर ने होम केयर, ब्यूटी एंड वेल-बीइंग और पर्सनल केयर व्यवसायों में कई सेल्स और मार्केटिंग भूमिकाएं निभाईं। 2014 से 2020 तक उन्होंने HUL के होम केयर बिजनेस की कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया। 2020 से 2022 तक, उन्होंने ब्यूटी एंड पर्सनल केयर के कार्यकारी निदेशक का पद संभाला। इसके बाद, उन्होंने यूनिलीवर में ब्यूटी एंड वेल-बीइंग की ग्लोबल चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और 2023 से इस डिवीजन की प्रेसिडेंट के रूप में कार्य



किया, जो यूनिलीवर के सबसे तेजी से बढ़ते व्यवसायों में से एक है।HULके चेयरमैन नितिन परांजपे ने कहा कि प्रिया का HUL और यूनिलीवर में शानदार करियर रहा है और उन्हें विश्वास है कि भारतीय बाजार की उनकी गहरी समझ और उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, प्रिया HUL को प्रदर्शन के अगले स्तर पर ले जाएंगी।

संजिव मेहता और अन्य दिग्गजों ने की सराहनः चुनौतीपूर्ण समय में HUL का नेतृत्व करेंगी नायर

प्रिया नायर की वापसी और उनकी यह नई भूमिका ऐसे समय में आई है जब HULधीमी विकास दर, शहरी मांग में नरमी और नए डिजिटल-फर्स्ट ब्रांडों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही है।

नितिन परांजपे ने पूर्व सीईओ रोहित जावा को उनके नेतृत्व के लिए धन्यवाद दिया, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों में कंपनी का नेतृत्व किया और इसकी नींव को मजबूत किया। नायर को डोव, रिन और कम्फर्ट जैसे लोकप्रिय ब्रांडों का नेतृत्व करने और भारत में होम केयर व्यवसाय को सफलतापूर्वक बदलने का श्रेय दिया जाता है। उनकी नियुक्ति से विश्लेषकों को ब्यूटी और होम केयर सेगमेंट में नए सिरे से विकास की उम्मीद है। HUL के पास लक्स, लाइफबॉय, सर्फ एक्सेल, पॉन्ड्स, वैसलीन, और हॉर्लिक्स जैसे 50 से अधिक ब्रांड हैं, जो 20 से अधिक उपभोक्ता श्रेणियों में मौजूद हैं। प्रिया नायर का ट्रेनी से सीईओ तक का यह सफर न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता को दर्शाता है, बल्कि कॉर्पोरेट इंडिया में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी है।

## इजरायली सेना ने गाजा में 110 फिलिस्तीनियों की हत्या की

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फिलिस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने चिकित्सा सूत्रों के हवाले से दी। ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में, जीवित बचे लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फिलिस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने मानव बूचड़खाने और मौत के जाल के रूप में निंदा की है। गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 5,000 अन्य घायल हुए हैं। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इज़राइली सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में दो आवासीय भवनों पर भी हमला किया, जिसमें 15 लोग मारे गए। गाजा शहर के पश्चिम में शाती शरणार्थी शिविर पर इज़राइली हमलों में सात और लोग मारे गए। इज़रायली सेना ने उत्तरी गाजा के बेत हनून पर भी हमला किया और शहर के उत्तरपूर्वी हिस्से पर लगभग 50 बम गिराए।

## गाजा में मानवीय सहायता पाने की कोशिश में मारे गये 800 लोगः यूएन

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने कहा है कि गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पाने की कोशिश में लगभग 800 लोग मारे गए हैं। जिनेवा में एक प्रेस वार्ता में ओएचसीएचआर की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने कहा कि 7 जुलाई तक, ओएचसीएचआर ने गाजा में सहायता वितरण क्षेत्रों में 798 हत्याओं को दर्ज किया है। उन्होंने कहा इनमें गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) स्थलों के आसपास 615 और संभवतः सहायता काफिलों के मार्गों पर 183 मौतें शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ज्यादातर मौतें गोली लगने से हुई हैं। सुश्री शमदासानी ने कहा कि ऐसी स्थिति अस्वीकार्य है, फिर भी यह जारी है।

## एल्गोरिथम में हेरफेर को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स फ्रांसीसी जांच के घेरे में

**पेरिस/सैक्रामेंटो ।** विदेशी हस्तक्षेप को संभव बनाने और अनुचित डेटा निष्कर्षण के लिए एल्गोरिथम में हेरफेर का हवाला देते हुए पेरिस अभियोजक कार्यालय ने घोषणा की कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स फ्रांसीसी पुलिस के जांच के घेरे में है। पेरिस अभियोजक लॉर बेक्काउ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस स्तर पर सोशल मीडिया एक्स पर मुख्य रूप से दो अपराधों का आरोप है - एक संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम के संचालन में बाधा डालना और दूसरा संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम से धोखाधड़ी से डेटा निकालना। श्री बेक्काउ ने कहा कि जांच का जिम्मा राष्ट्रीय जेंडरमेरी महानिदेशालय (डीजीजीएन) को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि जनवरी में पेरिस अभियोजक कार्यालय की साइबर अपराध इकाई को दो औपचारिक शिकायतें मिलीं जो क्रमशः फ्रांसीसी संसद के एक सदस्य और एक फ्रांसीसी सार्वजनिक संस्थान के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई थीं। उन्होंने कहा कि दोनों शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि विदेशी हस्तक्षेप के उद्देश्य से एक्स के एल्गोरिथम का दुरुपयोग किया गया था।

## कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गयी है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा हस्ताक्षरित एक आदेश में यह जानकारी दी। आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जायेगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे। स्वीकृत उम्मीदवारों की अंतिम सूची 11 अगस्त से पहले जारी कर दी जाएगी। आधिकारिक चुनाव प्रचार 27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा। गौरतलब है कि इस बार का



चुनाव लंबे समय से राष्ट्रपति रहे पॉल बिया के लिए आसान नहीं होगा। उनके दो सबसे करीबी सहयोगी इस बार उनके विरोध में चुनाव मैदान में उतरकर चुनौती दे सकते हैं। हाल ही में दोनों सहयोगियों ने उनकी सरकार से इस्तीफा दे दिया है और अक्टूबर चुनाव में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। पर्यटन मंत्री बेलो बौबा मैगारी ने इस सप्ताह सरकार से इस्तीफा दे दिया, जबकि पिछले सप्ताह इस्सा चिरोमा बाकरी ने रोजगार और व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। दोनों ही अपने आप को राष्ट्रपति बिया के उत्तराधिकारी के रूप में उपयुक्त उम्मीदवार के तौर पर पेश कर रहे हैं।

## किम जोंग उन ने दोहराया, 'यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को हमारा पूरा समर्थन'

एजेंसी

**सोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात के दौरान यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध में रूस के सभी कदमों के समर्थन की बात कही। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि किम ने यह टिप्पणी शनिवार को लावरोव के साथ बैठक में की। इससे एक दिन पहले रूसी मंत्री अपने उत्तर कोरियाई समकक्ष के साथ दूसरे दौर की रणनीतिक वार्ता के लिए उत्तर कोरिया गए थे। केसीएनए ने कहा कि किम और लावरोव ने पिछले वर्ष जून में प्योंगयांग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ किम की शिखर वार्ता के दौरान हुए समझौतों के ईमानदारी से क्रियान्वयन पर चर्चा की। इसके अलावा, दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और विकसित करने के तरीकों पर भी चर्चा हुई।



केसीएनए ने कहा कि किम जोंग-उन ने कहा कि उत्तर कोरिया, रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत, यूक्रेन संकट के मूल कारणों से निपटने के लिए रूसी नेतृत्व के सभी कदमों का बिना शर्त समर्थन और प्रोत्साहन करेगा। किम के हवाले से केसीएनए ने कहा कि दोनों देश अपने गठबंधन के स्तर के अनुरूप सभी रणनीतिक मुद्दों पर समान विचार साझा करते हैं और यह दोनों देशों के बीच स्थापित उच्च रणनीतिक स्तर को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने कूटनीतिक क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक संचार की प्रशंसा की। इसके साथ ही रणनीतिक और सामरिक सहयोग को और मजबूत करने तथा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में ठोस कार्रवाई को तेज करने की अपनी मंशा व्यक्त की। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की मुलाकात में दोनों देशों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का फैसला किया। उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए के अनुसार, दोनों देश अपने हितों की रक्षा और आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे। लावरोव ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन का गर्मजोशी भरा संदेश किम को दिया, और किम ने भी पुतिन के लिए दोस्ताना संदेश भेजा। दोनों नेताओं ने जल्द ही सीधे संपर्क की उम्मीद जताई। इसके अलावा, उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन-हुई और लावरोव के बीच हुई बातचीत में दोनों देशों ने अपनी साझेदारी को लंबे समय तक जारी रखने का भरोसा दिलाया।

## प्रधानमंत्री ओली के करीबी मंत्री का रिश्वत लेने संबंधी ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल, जांच शुरू

एजेंसी

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कैबिनेट के सामान्य प्रशासन तथा संघीय मामलों के मंत्री राजकुमार गुप्ता पर 78 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगा है। मंत्री के साथ एक महिला तथा एक पुरुष के बीच बातचीत का ऑडियो इस समय विभिन्न सोशल मीडिया तथा ऑनलाइन न्यूज पोर्टल पर वायरल हो रहा है। नेपाल के एंटी करप्शन ब्यूरो ने इसकी जांच शुरू कर दी है। ऑडियो में एक सरकारी नियुक्ति और एक ट्रांसफर रुकवाने के बदले 78 लख रुपये रिश्वत मांगने का जिक्र सुनाई दे रहा है। करीब 10 मिनट के इस हालांकि, ऑडियो की सत्यता अभी जांची नहीं गई है, लेकिन इसमें मंत्री राजकुमार गुप्ता की ओर से जिला भूमि आयोग के अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति करने के लिए 25 लाख रुपये मांगने की बात सामने आ रही है। इसी तरह सामान्य प्रशासन मंत्रालय के एक प्रदेश स्तर के सरकारी कर्मचारी का ट्रांसफर रुकवाने के लिए 53 लाख रुपये रिश्वत मांगने की बात भी इस वायरल ऑडियो में सुनी जा सकती है। एंटी करप्शन ब्यूरो के आयुक्त जयबहादुर चंद्र ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो की लिखित शिकायत ब्यूरो को मिली है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है और उस कथित ऑडियो को जांच के लिए फोरेंसिक लैब में भेज दिया गया है। ऑडियो वायरल होने के बाद विपक्षी पार्टियों सहित सत्तारूढ़ दल के नेता भी सामान्य प्रशासन मंत्री राजकुमार गुप्ता के इस्तीफा की मांग कर रहे हैं। विपक्षी दल माओवादी के प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से अपने मंत्रिमंडल के सहयोगी राजकुमार गुप्ता को बर्खास्त किए जाने की मांग की है।

## संत भद्रेश दास स्वामी की सत्संग दीक्षा पुस्तक के नेपाली संस्करण का विमोचन

एजेंसी

**काठमांडू।** बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के एक प्रमुख संत भद्रेश दास स्वामी द्वारा रचित सत्संग दीक्षा ग्रंथ के नेपाली संस्करण का शनिवार को विमोचन किया गया। नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. रामबरण यादव ने एक समारोह के दौरान इसका विमोचन किया। डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीन सनातन धर्म और पूर्वी सभ्यता नेपाल और भारत के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को गहरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। वसंतपुर दरबार संग्रहालय विकास समिति और स्वामी नारायण संस्थान नेपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता और विज्ञान, जो हमारी पहचान का हिस्सा हैं उसको जोड़कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। पूर्व राष्ट्रपति यादव ने कहा, हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और समाज को समझकर काम करना चाहिए, जिससे शांति, सह-अस्तित्व



और भाईचारे को प्राप्त करना आसान हो जाएगा। इससे विश्व कल्याण में योगदान मिल सकता है। स्वामीनारायण अक्षरधाम भारत के प्रमुख संत भद्रेश दास स्वामी ने कहा कि मुक्तिनाथ, जहां भगवान नीलकंठ तपस्या करते थे, हिमालय पर्वत श्रृंखला और मुक्तिनाथ की तरह दुनिया में धार्मिक पर्यटन के लिए एक अविश्वसनीय रूप से पवित्र भूमि है। प्राचीन सनातन धर्म नेपाल और नेपाली लोगों के बीच संस्कृति, प्रेम, भक्ति और सुलह का एक अनूठा मॉडल प्रस्तुत करने में सफल रहा है। भद्रेश दास स्वामी ने 240 वर्ष पूर्व नेपाल यात्रा के दौरान तत्कालीन राजा राणा बहादुर शाह के साथ स्वामीनारायण के सत्संग की ऐतिहासिक घटना का स्मरण किया और विचार व्यक्त किया कि यदि भाषा, वेशभूषा, भोजन और भजनों में संयम बरता जाए तो राष्ट्र प्रगति करेगा।

## ट्रम्प ने अब यूरोपीय संघ और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की

एजेंसी

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उनकी सरकार 01 अगस्त 2025 से यूरोपीय संघ (ईयू) और मैक्सिको से आयातित वस्तुओं पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगी। यह फैसला अमेरिका के दो बड़े व्यापारिक साझेदारों के साथ तनावपूर्ण संबंधों को और गहरा कर सकता है। ट्रंप ने यह घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पत्र साझा करते हुए की। उन्होंने इसे अपनी 2024 की पुनः चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बताया और कहा कि ये टैरिफ एक ऐसे आर्थिक पुनर्निर्माण की नींव रखेंगे, जिसे दशकों से लूटा गया हैमैक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाउम को संबोधित पत्र में ट्रंप ने सीमा सुरक्षा में सहयोग की सराहना की, लेकिन आरोप लगाया कि मैक्सिको ÷नार्को-तस्करी के अड्डे को रोकने में पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। उन्होंने कहा, मैक्सिको ने मदद की है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को भेजे



पत्र में लिखा, हम वर्षों से ईयू के साथ अपने व्यापारिक रिश्ते पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अब हमें इन लंबे समय से जारी असमान व्यापार घाटों से बाहर निकलना होगा। हमारी साझेदारी परस्पर नहीं रही है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने इस कदम पर निराशा जताई और कहा कि यूरोपीय संघ संवाद, स्थिरता और रचनात्मक ट्रांसअटलांटिक साझेदारी में विश्वास करता है, लेकिन यदि आवश्यक हुआ तो उचित जवाबी कदम भी उठाए जाएंगे।ईयू के व्यापार मंत्री सोमवार को विशेष बैठक करेंगे, जिसमें अमेरिका और चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों की समीक्षा की जाएगी। मैक्सिकन सरकार ने कहा कि उन्हें अमेरिका के विदेश विभाग की उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इस निर्णय की जानकारी दी गई थी।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर का तीन दिवसीय चीन दौरा, एससीओ बैठक में होंगे शामिल

एजेंसी

**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर चीन की तीन दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। वे तियानजिन में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने कई बार अंतरराष्ट्रीय बैठकों के दौरान अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की है। लेकिन, जून 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई तनाव के बाद यह उनकी पहली चीन यात्रा होगी। अक्टूबर 2024 में रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच लगभग पांच साल बाद पहली बार एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत-चीन संबंधों की नींव आपसी भरोसे,



आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता होगी। सकारात्मक और टिकाऊ संबंधों को बनाए रखने के लिए इन तीन प्रमुख बिंदुओं को ध्यान में रखना जरूरी है।तब से, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिस्री कई जटिल मुद्दों पर गहन चर्चा करने के लिए बीजिंग का दौरा कर चुके हैं। बीजिंग में पिछले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक को संबोधित करते हुए, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के नामित आतंकी समूहों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अल कायदा, आईएसआईएस और उनके सहयोगियों से लगातार खतरे की गहरी चिंता है। ये खतरनाक आतंकी संगठन, विशेष रूप से पाकिस्तान से संचालित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद भारत के लिए बड़ा खतरा हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद सीमा पार आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए भारत सरकार की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड को त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और संस्थाओं के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था।

## सिमलताल बस हादसाः नदीं में गिरी दो बसों और 6 भारतीय सहित 40 यात्री अब तक लापता

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के नारायणघाट स्थित सिमलताल में एक साथ दो यात्री बसों के नदी में गिरने की घटना को एक साल हो गया, लेकिन अब तक दोनों ही बसों और 40 यात्रियों का कोई पता नहीं लग सका है। 12 जुलाई 2024 को सिमलताल में दो बस टकराने के बाद त्रिशूली नदी में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थीं।इसमें से एक बस बीरगंज से काठमांडू आ रही थी जबकि दूसरी काठमांडू से बीरगंज की तरफ जा रही थी। इन दोनों बसों में चालक समेत कुल 63 लोग सवार थे, जिसमें 6 भारतीय थे। हादसे के दौरान तीन



यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई थी। कुछ दिन की मशक्कत के बाद 20 यात्रियों के शव बरामद किए गए थे। इस घटना को एक वर्ष हो गया, लेकिन अब तक ना तो दोनों बस ही मिल पाया है और न बाकी 40 लोगों का शव ही मिल पाया है। भारत से एनडीआरएफ की टीम ने भी आकर एक हफ्ते तक प्रयास किया लेकिन उसे भी कोई सफलता नहीं मिल पाई थी।

## इमरान खान की पूर्व बीवी जेमिमा के बेटों को पिता से मिलने की कोशिश पर गिरफ्तारी की धमकी

एजेंसी

**लंदन/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ के बेटों को पिता से मिलने की कोशिश पर गिरफ्तार करने की धमकी देने का दावा किया गया है। पाकिस्तान के समाचार चैनल 'आज न्यूज' के अनुसार, जेमिमा ने एक्स पोस्ट पर 10 जुलाई को दावा किया कि उनके बेटों को उनके पिता (इमरान खान) से बात करने की अनुमति नहीं है। इमरान लगभग दो साल से एकांत कारावास में हैं। उन्होंने पाकिस्तान के अधिकारियों पर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने का आरोप लगाया। जेमिमा ने लिखा, यहां तक कि फोन पर भी संपर्क करने की अनुमति नहीं है। मेरे बेटों को धमकाया जा रहा है और चेतावनी दी जा रही है कि अगर वे अपने पिता से




मिलने की कोशिश करेंगे तो उन्हें जेल हो सकती है। जेमिमा ने इस स्थिति को बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया। इमरान के बेटे कासिम खान ने भी मां के बयान को दोहराया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के आवास मंत्री बिलाल यासीन ने कहा, इमरान के बेटे सुलेमान और कासिम अब उर्दू सीख रहे हैं। वह पाकिस्तान लौटने की तैयारी कर रहे हैं। हम उन दोनों का उनकी बहन टायरियन के साथ स्वागत करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पीटीआई का नेतृत्व जनता की भावनाओं को भुनाने के लिए नया नाटक शुरू करने की तैयारी कर रहा है। पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने कहा कि इमरान के बेटे राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए संवैधानिक रूप से स्वतंत्र हैं। सिद्दीकी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, अगर उनके बेटे आते हैं, तो उन्हें पाकिस्तान की गर्मी असहनीय लग सकती है, लेकिन इससे जेल के दरवाजे नहीं खुलेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह पहले चेतावनी दे चुके हैं कि अशांति फैलाने या सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने के लिए विदेश से आने वाले किसी भी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीएमएल-एन के कानूनी सलाहकार बैरिस्टर अकील मलिक ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई विदेशी नागरिक या दोहरी नागरिकता वाला व्यक्ति पाकिस्तान में राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए वीजा मांगता है तो उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मूल रूप से यहूदी जेमिमा ने इमरान से शादी के लिए इस्लाम अपनाया था। 16 मई, 1995 को जेमिमा और खान की शादी पेरिस में एक निकाह समारोह में हुई थी। वर्ष 2004 में तलाक के बाद से जेमिमा लंदन के उत्तर पश्चिम के ऑक्सफोर्डशायर में रह रही हैं।

## लंदन में प्रतिबंधित संगठन 'पैलेस्टाइन एक्शन' के समर्थन में प्रदर्शन. 40 से अधिक लोग गिरफ्तार

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार द्वारा 'पैलेस्टाइन एक्शन' को आतंकी संगठन घोषित किए जाने के खिलाफ शनिवार को लंदन के केंद्रीय हिस्से में हुए प्रदर्शन में 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह प्रदर्शन उस निर्णय के विरोध में था, जिसमें समूह को टेररिज्म एक्ट 2000 के तहत प्रतिबंधित किया गया है।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि इन गिरफ्तारियों में से अधिकांश प्रतिबंधित संगठन का समर्थन करने के आरोप में की गईं। इसमें नारे लगाना, कपड़े पहनना, झंडे या प्रतीक दिखाना जैसी गतिविधियां शामिल थीं। एक व्यक्ति को सामान्य हमले (कॉमन असॉल्ट) के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह था जब प्रदर्शनकारियों ने 'पैलेस्टाइन एक्शन' के समर्थन में प्रदर्शन किया। पिछले सप्ताह भी इसी तरह के प्रदर्शन में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। प्रदर्शनकारी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नेता महात्मा गांधी और दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की प्रतिमाओं के नीचे एकत्रित हुए। शांतिपूर्वक हुए इस प्रदर्शन में कुछ लोगों के हाथों में आई अपोज जेनोसाइड, आई सपोर्ट पेलेस्टाइन एक्शन जैसे संदेश लिखे पोस्टर थे। पुलिस और मीडियाकर्मियों की भारी मौजूदगी में प्रदर्शनकारियों को घेरे रखा गया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी जमीन पर लेट गए, जिन्हें पुलिस ने उठाकर वेटिंग पुलिस वैन में बैठाया। इस दौरान उनके बैग्स की तलाशी ली गई और पोस्टर-जैसे सामग्री जब्त की गई। इस प्रदर्शन के साथ ही मैनचेस्टर, कार्डिफ और उत्तरी आयरलैंड के लंडनडेरी में भी इसी प्रकार के विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए।

ब्रिटेन सरकार ने 20 जून को ऑक्सफोर्डशायर स्थित ब्राइज नॉर्टन आरएएफ बेस में हुए एक घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना के बाद पैलेस्टाइन एक्शन पर प्रतिबंध लगाया। कार्यकर्ताओं ने लाल पेंट और लोहे की छड़ों से दो विमानों को क्षति पहुंचाई थी, जिससे अनुमानित 07 मिलियन पाउंड (लगभग 79 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। इस घटना में 22 से 35 वर्ष की उम्र के चार लोगों को गिरफ्तार कर आपराधिक साजिश और राष्ट्रहित के खिलाफ प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश के आरोपों में अभियुक्त बनाया गया है।

## मेक्सिको ने नए अमेरिकी टैरिफ को अनुचित बताया, द्विपक्षीय वार्ता शुरू की

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने अमेरिका द्वारा घोषित नए टैरिफ को अनुचित करार दिया और दोनों पक्षों ने एक स्थायी द्विपक्षीय कार्य समूह के माध्यम से औपचारिक वार्ता शुरू की है। यह जानकारी मेक्सिको सरकार ने हवाले से शिन्हुआ ने रविवार को दी। विदेश मंत्रालय और अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी अधिकारियों के बीच वाशिंगटन में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिस दौरान मैक्सिकन पक्ष को सूचित किया गया कि नए टैरिफ एक अगस्त से प्रभावी होंगे। मंत्रालयों ने कहा, हमरा स्पष्ट रूप मानना है कि यह अनुचित है और हम इससे सहमत नहीं हैं। बयान में कहा गया कि सीमा के दोनों ओर व्यवसायों और नौकरियों की सुरक्षा के लिए, दोनों देशों ने अपने संबंधों में प्रमुख मुद्दों का समाधान करने और टैरिफ कार्यान्वयन से बचने के लिए विकल्प तलाशने हेतु एक स्थायी द्विपक्षीय कार्य समूह स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। यह समूह सीमा सुरक्षा, प्रवासन और जल प्रबंधन जैसे मुद्दों पर भी विचार करेगा। मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान टैरिफ के प्रति मैक्सिको के विरोध को दोहराया। राष्ट्रपति शनबाम ने अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते का हवाला देते हुए कहा, ''हमारा मानना है कि टैरिफ समाधान नहीं है। प्रतिस्पर्धा करने का सबसे अच्छा तरीका, यहां तक कि अमेरिका के लिए भी, हमारे व्यापार समझौते को मजबूत करना है।''

## नेपाल-भारत के बीच 6 साल बाद पुनः सीमा समस्या पर बातचीत के लिए बाउंड्री वर्किंग ग्रुप की बैठक अगस्त में प्रस्तावित

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच रहे सीमा समस्या पर बातचीत के लिए बनाई गई बाउंड्री वर्किंग ग्रुप की बैठक 6 साल बाद फिर से करने पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच अगस्त में इस बैठक को करने का प्रस्ताव रखा गया है। सीमा वार्ता को फिर से शुरू करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में भारत ने सीमा कार्य समूह (बीडब्ल्यूजी) की अगली बैठक की तारीखों का प्रस्ताव रखा है- जो नेपाल-भारत सीमा पर फील्डवर्क के साथ काम करने वाला उच्चतम स्तर का द्विपक्षीय तंत्र है।इसमें सीमा स्तंभों का निर्माण, बहाली और मरम्मत, नो-मैंस लैंड को खाली करना और अन्य तकनीकी कार्य शामिल है। हालांकि इस बैठक में सुस्ता और कालापानी के विवादित क्षेत्रों को छोड़कर अन्य सीमा क्षेत्र की ही बात होती है। देहरादून में 28 अगस्त से 2019 को हुई पिछली बीडब्ल्यूजी बैठक में दोनों पक्ष 2022 के अंत तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शेष कार्य को पूरा करने पर सहमत हुए थे। हालांकि, बीच में आई कोविड महामारी के कारण आगे कोई बैठक नहीं हो सकी। महामारी और उसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के कारण इस बैठक में देरी होने की बात नेपाल के विदेश सचिव अमृत राई ने कही है।



बीडब्ल्यूजी की स्थापना 2014 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान की गई थी और इसका गठन दोनों सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से सीमा पर तकनीकी कार्यों को संभालने के लिए किया गया था। महामारी के बाद, नेपाल ने बार-बार बीडब्ल्यूजी बैठकों को फिर से शुरू करने का आग्रह किया, लेकिन नेपाल में बदलते राजनीतिक हालात में भारत के तरफ से इसमें सहमत नहीं था। अधिकारियों के अनुसार, दोनों पक्षों के सीमा पार फील्डवर्क फिर से शुरू करने और 2019 से पहले अधूरे कार्यों को पूरा करने की उम्मीद है। पिछले छह वर्षों में, नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल और भारत के सशस्त्र सीमा बल ने सीमा स्तंभों का अस्थायी रखरखाव किया है। हालाँकि, इस तरह का काम बीडब्ल्यूजी के औपचारिक जनादेश के अंतर्गत आता है। विदेश सचिव राई ने बताया कि दोनों पक्षों ने सीमा स्तंभों के निर्माण और मरम्मत, अतिक्रमणों की सूची तैयार करने और जीपीएस-आधारित टिप्पणियों का संचालन करने जैसे कार्यों को करने के लिए संयुक्त टीमों का गठन किया था। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ जिम्मेदारियों को नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल और भारत के सशस्त्र सीमा बल द्वारा संभाला जा रहा है,